पेज @ 09




छोटी उम्र से ही रंगों संग खेलते पेंटिंग बनी जीवन का पैशन

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

विधानसभा चुनाव 2023
काउंटडाउन 07 दिन शेष



वर्ष: 2 | अंक: 339 जयपुर, रविवार, 19 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष के बीच दलित अत्याचार पर जमकर वार-पलटवार

# यहां बहन-बेटियों, दलितों-वंचितों पर हुए सर्वाधिक अपराध: मोदी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते पांच साल में बहनों-बेटियों, दलितों, वंचितों पर सबसे ज्यादा अपराध हुआ, सबसे ज्यादा जुर्म हुआ। उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां होली हो, रामनवमी हो, हनुमान जयंती हो, कोई भी त्योहार, आप लोग शांति से नहीं मना पाए।

पीएम मोदी ने शनिवार को राजस्थान के भरतपुर में पार्टी की 'विजय संकल्प सभा' जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहां-जहां कांग्रेस आती है वहां आतंकवादी, अपराधी और दंगाई बेलगाम हो जाते हैं और कांग्रेस के लिए तुष्टीकरण ही सबकुछ है। कांग्रेस के लिए तुष्टीकरण ही सबकुछ है। कांग्रेस तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। चाहे इसमें आपका जीवन तक दांव में क्यों ना लगाना पड़े।

मोदी ने कहा, 'एक तरफ तो भारत दुनिया में अग्रणी बन रहा है, दूसरी तरफ राजस्थान में पांच साल में जो बर्बादी हुई उसके लिए जिम्मेदार कौन है? इसलिए राजस्थान कह रहा है- 'जादूगर जी कोनी मिले वोट जी।'

### कांग्रेस के लिए तुष्टीकरण ही सब कुछ



### पार्टी के संकल्प पत्र के वादे होंगे पूरे

भाजपा के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, 'राजस्थान भाजपा ने शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा का संकल्प है राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। राजस्थान भाजपा ने जो वादे किए हैं इन्हें पूरा करने के लिए हम जी-जान लगा देंगे। और आपसे किए ये वादे जरूर पूरे होंगे।'

### मोदी के गारंटी कार्ड पर देश को भरोसा

मोदी ने नागौर की जनसभा में कहा कि मोदी के गारंटी कार्ड पर पूरा देश भरोसा करता है, क्योंकि उसमें जमीनी सच्चाई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस के पास लूट का लाइसेंस है, वहीं दूसरी तरफ, मोदी का गारंटी कार्ड है। कांग्रेस ने पांच साल तक जनता को विश्वासघात के सिवा कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा, 'एक तरफ कांग्रेस के पास लूट का लाइसेंस है, वहीं दूसरी तरफ, मोदी का गारंटी कार्ड है। उन्होंने कहा,'भाजपा ने गारंटी दी थी कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाएंगे, मोदी ने गारंटी पूरी की या नहीं की?' उन्होंने इस संबंध में उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनवाने, तीन तलाक को खत्म करने तथा लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने की पहल का भी जिक्र किया।

### सचिन-गहलोत के हाथ मिलाने पर कटाक्ष

मोदी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के एक मंच पर आने की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा,'इन लोगों ने राजस्थान की जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया। चुनाव का समय आया है तो ये लोग बेमन से साथ साथ फोटो खिंचवा रहे हैं।' मोदी ने कहा,'इनकी हाथ मिलने की सेंचुरी हो गई, लेकिन मिलाप नहीं हुआ। दिल में खटास है। ये लोग हाथ मिलाने का दिखावा कर रहे हैं।' राज्य में चर्चा में चल रही कथित 'लाल डायरी' का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि लाल डायरी में कांग्रेस के अपने ही नेता ने कांग्रेस के कुशासन की कथा को पूरे विस्तार से लिखा है। तभी तो मुख्यमंत्री का अपना बेटा यह लिखकर देने को तैयार है कि पापा की सरकार इस बार नहीं आने वाली।'

# पीएम मोदी ने दिया दलित को पीटने वाले को टिकट: खरगे

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा द्वारा बाड़ी सीट पर गिर्राज मलिंगा को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दलितों की बात करने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने उस मलिंगा को टिकट दिया जिसने एक दलित अभियंता हर्षादिपति को बेरहमी से पीटा। खरगे की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भरतपुर में एक रैली में महिलाओं और दलितों पर अत्याचार को लेकर राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधने के तुरंत बाद आई।

मोदी की रैली के कुछ घंटे बाद खरगे एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर के ही वैर कस्बे में एक रैली को संबोधित किया और दलितों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को घेरा। खरगे ने कहा,'दलितों के मसीहा.. जो दलितों गरीबों के लिए रोते रहते हैं... कौन? मैं गरीब, मैं गरीब के लिए लड़ता हूं... ऐसा कहने वाले उन मोदी साहब ने गिर्राज मलिंगा को टिकट दिया। वह भाजपा के कमल निशान पर चुनाव लड़ रहा है।' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,'एक तरफ आप गरीब, दलित की बात करते हैं और दूसरी तरफ दलितों को पीटने वाले आप टिकट देते हैं। बता दें, खरगे और गहलोत ने अस्पताल में भर्ती हर्षादिपति वाल्मीकि से मुलाकात भी की, जिन्हें मलिंगा ने पीटा था।

### मोदी कुछ भी कर लें, राजस्थान में कांग्रेस ही जीतेगी



### हमने मलिंगा का टिकट काटा

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,'अफसोस की बात है जिस गिर्राज मलिंगा का हमने टिकट काट दिया, क्योंकि उसने एक आदमी को इतना मारा कि उसकी जान जाने की नौबत आ गई। ऐसे आदमी को टिकट देना हमें मंजूर नहीं था, चाहे हम सीट हार जाएं। हमसे एक आदमी द्वारा युवा दलित को पीटते हुए देखा नहीं जाता।' खरगे ने सवाल किया,' किसी भी पार्टी में उसको स्थान नहीं मिलना चाहिए। अब यह हो गया कि यहां पीटो और जाकर भाजपा का टिकट ले लो। इन समझदार लोगों ने टिकट दिया है। मोदी जी, अमित शाह, ये लोग मार-पीट करने वाले लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।'

### पीएम पर झूठ बोलने का आरोप

खरगे ने मोदी पर झूठ बोलने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने, सबको पंद्रह लाख रुपए देने का वादा किया था, लेकिन वादे पूरे करने में विफल रहे। मोदी चाहे जितनी कोशिश करें, लेकिन राजस्थान में एक बार फिर कांग्रेस की ही सरकार बनेगी।

### वो अपने मित्रों को पहुंचा रहे फायदा

खरगे ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा हमेशा अमीर लोगों को और अमीर और गरीब लोगों को और गरीब बनाने का काम करती है। इसलिए मोदी हमेशा अपने मित्रों को फायदा पहुंचाते हैं, जबकि कांग्रेस गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए काम करती है।

### BJP जनहित की योजनाएं बंद कर देगी: CM

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार आई तो इन्हें बंद कर देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में राजस्थान में पानी, बिजली, शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं में, सड़कों में काफी विकास हुआ है। साथ ही, एक करोड़ की पेंशन बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा महिलाओं और महिलाओं को दी जा चुकी है।




## जरूरी खबर

### राजस्थान में पेट्रोल की कीमतें देश में सबसे अधिक: पुरी



**बेधड़क. जयपुर।** केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने महंगे पेट्रोल को लेकर शनिवार को राजस्थान सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में इसकी कीमत सबसे अधिक है। पुरी ने भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से कहा कि आज देशभर में पेट्रोल की औसत दर 96 रुपए 72 पैसे प्रति लीटर है जबकि राजस्थान के गंगानगर में यह सबसे ज्यादा 113 रुपए 34 पैसे है। पुरी ने केंद्र सरकार पर दिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार किया और कहा कि सीएम को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। पुरी ने कहा पिछले दो साल में कांग्रेस सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर 35975 करोड़ रुपए की कर वसूली की है, जबकि अन्य 18 राज्यों से इस कर की तुलना की जाए तो भी अकेले राजस्थान का कर बहुत ज्यादा है।

### बसपा प्रत्याशी सैनी ने दिया कांग्रेस को समर्थन

**बेधडक, जयपुर।** उदयपुरवाटी विधानसभा सीट से बसपा प्रत्याशी संदीप सैनी ने चुनाव से पहले ही कांग्रेस को समर्थन दे दिया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की जनता से कांग्रेस प्रत्याशी भगवान राम सैनी को जिताने की अपील की। सैनी ने कहा कि उनसे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऐसा करने का आग्रह किया था। ऐसे में सीएम से बात होने के बाद उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस को समर्थन दे दिया। कांग्रेस के हाथ को मजबूत करने के लिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया है।

### निर्वाचन विभाग ने शुरू किया पर्चियों का वितरण



**बेधड़क, जयपुर।** विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान एवं प्रत्येक मतदाता की भागीदारी बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से जिले के सभी मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण करवाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने जयपुर जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को सोमवार तक शत-प्रतिशत मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। स्लिप से प्रत्येक मतदाता को उनके मतदान केन्द्र, बूथ, भाग संख्या एवं क्रम संख्या सरीखी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाई जा रही है।

---

**चुनावी प्रचार में भाजपा के स्टार प्रचारकों ने झोंकी ताकत,** नड्डा, योगी आदित्यनाथ और हिमंत बिस्वा ने की सभाएं

# जहां कांग्रेस की सरकार, वहां लूट और भ्रष्टाचार: जेपी नड्डा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के विधनसभा चुनाव में मतदान की उलटी गिनती शुरू होते ही भाजपा के स्टार प्रचारकों ने प्रचार प्रसार में पूरी ताकत झोंकी दी है।

प्रदेशभर में भाजपा के केंद्रीय नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे जारी हैं। पीएम मोदी, भाजपा अध्यक्षजेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी सहित कई केन्द्रीय नेता लगातार राजस्थान के दौरे कर रहे हैं। प्रदेश में शनिवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा सहित कई नेता चुनाव प्रसार में जुटे रहे। नड्डा ने जोधपुर, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रतापगढ़ और योगी ने जालोर, बाड़मेर में जनसभाएं की। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गहलोत सरकार को घेरते हुए कहा कि जहां कांग्रेस होगी, वहां भ्रष्टाचार और लूट होगी और जहां भाजपा होगी, वहां विकास होगा। जोधपुर के पीपाड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि गहलोत सरकार ने राजस्थान को भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर एक स्थान पर पहुंचा दिया है।




### तुष्टीकरण की राजनीति करती है कांग्रेस: बिस्वा

असम सीएम हिमंत बिस्वा ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सर तन से जुदा कर दिया जाता है। उसी प्रकार राजस्थान में कांग्रेस सरकार के राज में लोगों के सर को तन से अलग किया जा रहा है। गहलोत सरकार 4 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार करती है। अगर असम, यूपी, हरियाणा में ऐसी घटनाएं होती तो, 5 मिनट में उनका हिसाब बराबर हो जाता। संविधान बदलने की बात करने वाले कांग्रेस सरकार तुष्टीकरण की राजनीति करती हैं। असम के सीएम हिमंत बिस्वा शनिवार को प्रतापगढ़ में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

### राजस्थान में 'डबल इंजन' की सरकार चाहिए: योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आरोप लगाया कि राजस्थान भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अपराध, साइबर अपराध, गोतस्करी में अव्वल हो गया है। योगी ने जालौर, बाड़मेर, बालोतरा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि यहां हर जगह खनन व भूमाफिया और पशु व गरीबों पर अत्याचार करने वाले माफिया पैदा हो गए हैं। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि राजस्थान सरकार गरीबों पर संकट ढाने वाली बन गई है। योगी ने दावा किया कि बिजली की दरें, वैट के कारण पेट्रोल-डीजल का दाम, मंडी कर राजस्थान में सर्वाधिक हैं। परीक्षाओं में यहां प्रश्नपत्र लीक हो रहा है। रोजगार न मिलने के कारण सर्वाधिक आत्महत्या भी राजस्थान में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं से मुक्ति के लिए राज्य में भाजपा के 'डबल इंजन' की सरकार चाहिए।

---

**मुख्यमंत्री ने कांग्रेस प्रत्याशियों के** समर्थन में मांगे वोट

# सरकार रिपीट हुई तो महिलाओं की गारंटी सबसे पहले होगी पूरी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को प्रदेश में कई जगह चुनावी सभा कर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में वोट की अपील की। सीएम गहलोत ने शनिवार को भरतपुर, गंगापुर सिटी, लालसोट, करोली में चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

सीएम गहलोत ने कहा कि 1998 में कांग्रेस पार्टी को 156 सीटें मिली थीं। इसी आधार पर राजस्थान में मिशन 156 रखा गया था। लोकतंत्र में जनता में माई-बाप होती है। ऐसे में राजस्थान की जनता ने तय कर लिया है कि सरकार को रिपीट करना होगा। मुख्यमंत्री ने करौली विधानसभा क्षेत्र के आमन-का-पुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सात गारंटियों में महिलाओं की गारंटी योजना सबसे पहले पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश के युवा, महिला, बुजुर्ग, सरकारी कार्मिक सबका ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता में कांग्रेस के समर्थन में जोश बना हुआ है। सीएम गहलोत ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में गुर्जरों पर गोलियां चलाई गईं। धर्म के नाम पर आपस में देश को बांटने का काम किया, लेकिन कांग्रेस 36 कौम को साथ लेकर चलती है।

सीएम ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनते ही करौली में सैटेलाइट अस्पताल, बाईपास सडक मार्ग की मांग पूरी की जाएगी। चंबल लिफ्ट परियोजना को आगे बढ़ाया जाएगा।

■ भाजपा ने देश को बांटने का काम किया, कांग्रेस 36 कौम को साथ लेकर चलती है




### BJP करती है धर्म-जाति की राजनीति

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा धर्म और जाति की राजनीति करती है। भाजपा को सबक सिखाने का यह सही मौका है। इसलिए कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग कर प्रत्याशियों को जीता कर कांग्रेस की सरकार रिपीट कराएं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता को अच्छा जीवन यापन करने के लिए सात गारंटी दे रही है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश में सरकार रिपीट होती है तो इसका लाभ जनता को मिलेगा। कांग्रेस सरकार ने पूर्व में भी 500 रुपए सिलेंडर सहित कई योजनाएं लागू की थी। सीएम बोले की में चाहता हूं कि जनता अपने पैरों पर खड़ी हो। इसके लिए अशोक गहलोत खड़ा है। गहलोत ने कहा कि कुछ लोग गुर्जर समाज को भड़का रहे हैं, जबकि हमने ही गुर्जर समाज को पांच प्रतिशत आरक्षण दिया था।

### बीजेपी ने घोषणा पत्र में नहीं किया होमवर्क

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा के घोषणा-पत्र को लेकर आरोप लगाया कि उन्होंने ओपीएस और दूध पर सब्सिडी का उल्लेख नहीं किया है। भाजपा ने हमारी सरकार की योजनाओं को ही घुमा फिराकर शामिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि लगता है भाजपा ने घोषणा-पत्र को लेकर कोई होमवर्क नहीं किया है। उन्होंने ईआरसीपी को लेकर केन्द्र पर हमला बोला, कहा कि हम पीएम नरेंद्र मोदी से लगातार योजना को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन वसुंधरा राजे की बनाई योजना को भी लागू नहीं कर रहे हैं। भाजपा लोगों को बरगलाने का काम कर रही है। अब ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान की सरकार ने 5 सालों बेहतरीन काम किया है। अनेक योजना भी लेकर आई है। साथ ही नए कानून पास किए हैं। ऐसे में इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने कामों पर वोट मांग रही है। जबकि भाजपा नकारात्मक कैंपिंग कर रही है।

---

**होम वोटिंग का आज अंतिम दिन**

## छह हजार से ज्यादा मतदाताओं ने डाला वोट

**बेधड़क, जयपुर।** निवार्चन आयोग की ओर से 80 प्लस बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए शुरू की गई होम वोटिंग का आज अंतिम दिन है। जिले की 19 विधानसभा क्षेत्रों में अब 6 हजार 825 मतदाता होम वोटिंग के जरिए मतदान कर चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि शनिवार को 10 विधानसभा क्षेत्रों में 813 मतदाताओं ने होम वोटिंग की। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के पांचवें दिन शनिवार को फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 67, दूदू में 115, झोटवाड़ा में 127, सिविल लाइंस में 62, किशनपोल में 13, आदर्श नगर में 89, मालवीय नगर में 127, बगरू में 71, बस्सी में 59 एवं चाकसू में 83 मतदाताओं ने अपने घर से ही मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया 14 नवंबर से शुरू हुई होम वोटिंग के तहत 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं को विधानसभा चुनाव के लिए घर पर मतदान करने की सुविधा दी जा रही है।

## आमेर में कांग्रेस के प्रशान्त शर्मा ने किया जनसम्पर्क



**बेधड़क, बिलोंची।** आमेर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी प्रशान्त शर्मा ने शनिवार को आमेर शहर के लालवास, कलाम नगर, बड़ी का वास, नाई की थड़ी स्टेण्ड, नाई की थड़ी, रैगर मोहल्ला हटवाड़ा, चावण्ड का मण्ड, परसा वाली ढाणी, राकडा की ढाणी, जलोलाई की तलाई, टपटा चौराहा, नई माता, पीली की तलाई, शयमा डूंगरी, सराय बावड़ी में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव में कांग्रेस को जिताने की अपील की। प्रशान्त शर्मा का जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन और लड्डू, केलों से तोलकर स्वागत किया। प्रशान्त शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याण योजनाओं से आमजन को राहत मिली है। कांग्रेस की 7 गारंटी योजना के माध्यम से आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आमेर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। आमेर का सतत विकास करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर सेकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

**भाजपा ने हमेशा सिंधी समाज का** शोषण किया

## पुष्पेन्द्र भारद्वाज के समर्थन में साध्वी अनादि सरस्वती ने किया रोड शो

**बेधड़क** | जयपुर

सिंधी समाज की बड़ी नेता साध्वी अनादि सरस्वती ने शनिवार को सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेन्द्र भारद्वाज के समर्थन में विशाल रोड शो किया। इस दौरान सिंधी समाज सहित विधानसभा के हजारों लोग शामिल हुए।



रोड शो एसएफएस चौराहा स्थित शनि मंदिर से शुरू हुआ, जो वार्ड 82 स्थित झूलेलाल मंदिर पर समाप्त हुआ। करीब तीन घंटे से ज्यादा चले रोड शो का जगह-जगह व्यापारियों, सिंधी समाज और आमजन ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान साध्वी अनादि सरस्वती ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन लोगों की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। सांगानेर में पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने हारकर भी जनहित के कार्य किए। उन्होंने खासतौर से सिंधी समाज से आह्वान किया कि वे इस बार पुष्पेन्द्र भारद्वाज को वोट दें। वहीं इस दौरान पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि सिंधी समाज को भाजपा का परंपरागत वोट माना जाता है लेकिन भाजपा ने हमेशा सिंधी समाज का शोषण किया है। इसके चलते सांगानेर का सिंधी समाज इस बार भाजपा से जबरदस्त नाराज है।

---

**हनुमान बेनीवाल और** चंद्रशेखर आजाद ने की जनसभा

## RLP व ASP खोलेगी गठबंधन का ताला

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए नेताओं का तूफानी दौरा जारी हैं। इस बीच तीसरा मोर्चा भी पूरे जोश के साथ मैदान में डटा हुआ है।

शनिवार को आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल और एएसपी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने देवली, उनियारा, आसींद, मसूदा, सहाड़ा, कपासन में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। दोनों नेताओं ने कांग्रेस और भाजपा पर तीखे वार किए। भीलवाड़ा के आसींद में बेनीवाल ने कहा कि आरएलपी और एएसपी टोल, भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान, सशक्त लोकायुक्त, फ्री बिजली व कर्ज मुक्त किसान के मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता की चाबी आपके हाथ में है, ताला आरएलपी और आजाद पार्टी के गठबंधन से ही खुलेगा। लोकतंत्र में संख्या नहीं देखी जाती है, जिससे सत्ता बनती है, वही सिरमौर होते हैं।



यहां आरएलपी प्रत्याशी धनराज गुर्जर के समर्थन में दोनों नेताओं ने वोट मांगे। इस दौरान हनुमान बेनीवाल ने कहा कि प्रदेश में सर्व समाज आज हमारे प्रत्याशियों को आशीर्वाद दे रहा है।

वहीं सभा से पहले आरएलपी के राष्ट्रीय संयोजक और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के साथ भीम आर्मी चीफ के चंद्रशेखर अंतरराष्ट्रीय सवाई भोज तीर्थ स्थल पहुंचे। यहां भगवान सवाई भोज के दर्शन कर महंत सुरेश दास से आशीर्वाद लिया।

---

**एआईसीसी मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा की प्रेस वार्ता**

# कांग्रेस की गारंटियों के खिलाफ भाजपा के पास बोलने को कुछ नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

एआईसीसी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा के जो केन्द्रीय नेता राजस्थान में आ रहे हैं, उनके पास कांग्रेस की गहलोत सरकार की जनता को दी गई गारंटियों के खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए केवल हिन्दू-मुस्लिम पर बोलकर जा रहे हैं।

पवन खेड़ा शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य का एक मुख्यमंत्री राजस्थान को भी अशांत राज्य बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता लाल डायरी की चर्चा करते हैं, लेकिन केन्द्रीय मंत्री का बेटा गांजे की खेती कर रहा है?

इसका जिक्र होगा, क्या संजीवनी घोटाले का उसमें जिक्र होगा? उन्होंने कहा कि चुनौती देते हैं कि लाल डायरी में यदि संजीवनी का नाम ना निकले तो बात करना। कई केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के मुख्यमंत्री राजस्थान आए लेकिन एक ने भी विकास की बात नहीं की।

■ बीजेपी नेता सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम करके जा रहे



### कांग्रेस के स्टार प्रचारक साबित हुए प्रधानमंत्री

पवन खेड़ा ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा दिए गए विकास के मॉडल पर गर्व है तथा इस मॉडल पर यदि कोई चर्चा करना चाहे तो उसे चुनौती है कि वह सामने आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रचार के कारण कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश के चुनावों में कांग्रेस के वोटों में बढ़ोत्तरी हुई थी। इस स्थिति में प्रधानमंत्री कांग्रेस के लिए स्टार प्रचारक साबित हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री झूठ बोलते है।

### झूठे आरोप लगा रहे हैं भाजपा नेता: पाटिल

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अतुल लौंढे पाटिल ने भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा की ओसियां जनसभा में दिए गए भाषण पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के नेता राजस्थान की वीर भूमि में आकर झूठे आरोप लगाते हैं और प्रदेश को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ सर्वाधिक कार्यवाही की गई है। भाजपा अध्यक्ष टू जी घोटाले के आरोप लगा रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी आरोपितों को दोषमुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भविष्य के लिए कोई योजना नहीं है। देश के गृह मंत्री से सवाल है कि मणिपुर, हाथरस, उन्नाव में जो महिला उत्पीड़न की घटनाएं हुई। वहां पर आरोपियों को बचाने के लिए भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता क्यों अपराधियों के समर्थन में आए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 21 लाख किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ हुआ, 2000 यूनिट बिजली फ्री देकर कृषकों का सशक्तीकरण किया जा रहा है, जबकि केन्द्र सरकार ने तीन काले कृषि कानून लागू कर किसानों को 13 माह तक सड़कों पर बैठकर संघर्ष करने के लिए मजबूर किया था।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 339 जयपुर, रविवार, 19 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

कांग्रेस फिर से!
75 लाख परिवारों ने 7 गारंटियों में नाम लिखवाया
आप भी मिस्ड कॉल देकर अपना नाम दर्ज कराइए 8587070707
कांग्रेस की 7 गारंटी

## जरूरी खबर

### छठ में खरना पूजा हुई, आज देंगे सूर्य को अर्घ्य



**जयपुर।** बिहार-यूपी के लोगों के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना पूजा की गई। इस दौरान व्रती सूर्योदय से सूर्यास्त तक बिना पानी पिए पूरे दिन का कठिन निर्जला व्रत रखा और शाम को छठी मैया की पूजा की। खरना प्रसाद ग्रहण कर खरना उपवास पूरा किया। द ऑल अपॉर्चुनिटी इन इंडिया के तत्वाधान में महिलाओं ने छठ पूजा की। संस्था अध्यक्ष पिंटू कुमार साहनी जी ने बताया कि रविवार को सूर्य को अर्घ्य का कार्यक्रम होगा।

### दो अवैध कालोनियों को किया ध्वस्त

**जयपुर।** जेडीए ने शनिवार को अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की है। मुख्य प्रवर्तन अधिकारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जोन 10ए के एकोलोजिकाल जोन में निजी खातेदारी की पांच बीघा में दो अवैध कालोनियों को बसाया जा रहा था। इस पर प्रवर्तन शाखा ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी और मजदूरों की सहायता से बन रहे अवैध मकानों को ध्वस्त कर दिया।

## 'जयपुर' ने 'संस्थापक' के संग मनाया जन्मदिन

# केक काटा... मतदान की अपील मंदिरों में खुशहाली की कामना

■ सादगी से मनाया स्थापना दिवस, साइक्लिस्थान रैली निकाली, निगम की ओर से गणेशजी की पूजा

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर का 296 वां स्थापना दिवस शनिवार को सादगी के साथ मनाया गया। दोनों नगर निगमों की ओर से शहर के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से साइक्लिस्थान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, ग्रेटर निगम महापौर सौम्या गुर्जर ने गंगापोल पर विराजे गणेश जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इससे पहले महापौर ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर, काले हनुमान जी मंदिर, गोविंददेवजी मंदिर पर भी जाकर पूजा की। वहीं, कई सामाजिक संगठनों ने भी कार्यक्रम आयोजित किए।

जयपुर ढूंढाड़ परिषद की ओर से स्टेच्यू सर्कल स्थित सवाई जय सिंह की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए गए और केक काटा गया। जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से साइक्लिस्थान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस अवसर पर सफाईकर्मियों ने लगभग 200 राइडर्स को झण्डी दिखाकर रवाना किया।



### महापौर बोली- अगले साल स्वच्छ सर्वेक्षण में आएंगे नंबर वन



वहीं ग्रेटर निगम की ओर से शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा की गई। ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने सबसे पहले मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा की। इसके बाद अन्य मंदिरों में भी उन्होंने शहरवासियों की खुशहाली की कामना की। महापौर ने बताया कि जयपुर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हमारा लक्ष्य अगले स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर वन आना है। इसके लिए सभी मिलकर काम करेंगे। इसके साथ ही महापौर ने 25 नवंबर को मतदान दिवस के अवसर पर आमजन को लोकतंत्र के पर्व पर ज्यादा से ज्यादा भागीदारी निभाने तथा शत प्रतिशत मतदान करने की भी अपील की।

### दीया कुमारी ने की पुष्पांजलि अर्पित

जयपुर ढूंढाड़ परिषद की ओर से भी स्थापना दिवस मनाया गया। संस्थापक विजयपाल ने बताया कि आज के ही दिन जयपुर महाराजा सवाई जयसिंह ने जयपुर शहर की स्थापना की थी। इसका वैभव तब से बढ़ता ही जा रहा है। यहां की संस्कृति और सभ्यता की पूरे विश्व में एक अलग ही पहचान है। इस अवसर पर स्टेच्यू सर्कल पर केक काटा गया। वहीं जयपुर राजघराने की राजकुमारी और भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी भी स्टेच्यू सर्कल पहुंची और सवाई जयसिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की।

### लिखे स्लोगन, रैली में लगाए नारे

साईकलिस्थान रैली में शामिल प्रतिभागियों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेखावत द्वारा रचित स्लोगन के बैनर हाथों में ले रखे थे। उपायुक्त नूर मोहम्मद, उप निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, अधिशाषी अभियंता बी डी शर्मा ने केक काटा और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

## भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया

# आज 2 बजे... मोटेरा... वर्ल्डकप का फाइनल

### 20 साल पुराना बदला लेने का मौका

**बेधड़क** | जयपुर/ अहमदाबाद

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे वर्ल्डकप फाइनल मैच रविवार को दोपहर 2 बजे मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को देखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी सहित कई बड़े दिग्गज पहुंचने वाले हैं। फाइनल के लिए स्टेडियम की शानदार सजावट की गई है। इसमें कई तरह की लाइट्स रंग बिरंगी रोशनी बिखेर रही हैं। सजावट और सेलिब्रेशन के दीगर भारत के शेरों की कंगारुओं से यह टक्कर 2003 के फाइनल की याद दिलाती है, जब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हरा दिया था। यह मैच उस 20 साल पुरानी हार का बदला लेने का बड़ा मौका है। बता दें, वर्ल्ड कप इतिहास में भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना कुल 13 बार हुआ है। इनमें ऑस्ट्रेलिया को 8 और भारत को सिर्फ 5 मैचों में जीत हासिल हुई है।



### सितारे करेंगे परफॉर्मेंस, नयनाभिराम होगा एयर शो

मैच से पहले करीब 1.35 से 1.50 बजे तक 'सूर्यकिरण आईएएफ एयर शो' होगा। फर्स्ट इनिंग ड्रिंक्स ब्रेक में प्लेबैक सिंगर आदित्य गढ़वी परफॉर्म करेंगे। इनिंग ब्रेक में प्रीतम, जोनिता, नकाश, अमित, अकासा और तुषार की परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। फिर सेकेंड इनिंग ड्रिंक्स ब्रेक में लेजर और लाइट शो होगा।

### ज्योतिष की दृष्टि से भारत की जीत संभव

प्रसिद्ध ज्योतिषियों के मुताबिक मैच में टीम इंडिया का पलड़ा काफी भारी लग रहा है। भारत की जन्म कुंडली की बात करें, तो इस समय चंद्रमा की महादशा में शुक्र की अंतर्दशा चल रही है, जो दिसंबर की शुरुआत तक चलेगा। इसके साथ ही वृषभ लग्न की कुंडली है, जिसमें गजकेसरी, बुधादित्य, मंगल आदित्य जैसे शुभ योग बन रहे हैं। ऐसे में भारत के जीतने के प्रबल योग बन रहे हैं। कप्तान रोहित शर्मा की राशि के अनुसार भी जीत के योग बन रहे हैं। रोहित शर्मा की राशि तुला है और उनकी कुंडली में गजकेसरी योग बना हुआ है जो भारत की विजय में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कंगारू टीम की मेष राशि है और गोचर कुंडली में प्रबल गजकेसरी योग का निर्माण हो रहा है। इसी कारण वह फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हुई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com पर E- Mail करें।

## कांग्रेस नेताओं ने किया मुरलीपुरा थाने पर प्रदर्शन

# रैली में युवक की मौत, मांगा मुआवजा

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के मुरलीपुरा इलाके में हुई एक चुनावी रैली के दौरान वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार युवक चुनावी रैली में प्रचार करने गया था, तभी किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

युवक के पिता ने वाहन की टक्कर से बेटे की मौत का आरोप लगाया है। शनिवार को मामला सामने आने पर परिजन मुरलीपुरा थाने पर प्रदर्शन किया



और एक करोड़ का मुआवजा मांगा। मामला बढ़ते देख कांग्रेस के नेता भी थाने पहुंचे और मामले की जांच करने की मांग कर हंगामा करने लगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी राजीव यदुवंशी ने बताया कि नांगल जैसा बोहरा निवासी अभिमन्यु शर्मा 16 नवंबर को विद्याधर नगर में भाजपा की प्रचार रैली में गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह एक वाहन के पीछे लटका हुआ था, तभी उसका बैलेंस बिगड़ने से वह नीचे गिर गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एसएमएस पहुंचाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजन ने मामला दर्ज करा दिया है, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं, मुआवजे का पत्र जिला कलेक्टर कार्यालय में पहुंचा दिया गया है।

## हेरिटेज नगर निगम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्रवाई

# रिश्वत लेते पार्षद, SI-कांस्टेबल गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मकान बनवाने की एवज में 80 हजार रुपए रिश्वत लेने पर शनिवार रात पार्षद सहित एसआई और कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। पार्षद अपने वार्ड में मकान बनाने को लेकर पीड़ित से एक लाख रूपए मांग परेशान रहा था, जिसमें 80 हजार रूपए में सौदा तय हुआ था। इस संबंध में एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने जानकारी दी कि हेरिटेज नगर निगम के वार्ड 33 के कांग्रेस पार्षद उमेश शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पार्षद



उमेश शर्मा, पार्षद



अनिल सिंह, एसआई



भवानी सिंह, कांस्टेबल

उमेश शर्मा निगम में तैनात एसआई अनिल सिंह और कांस्टेबल भवानी सिंह को भी रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। तीनों आरोपियों ने मकान बनवाने के एवज में प्रार्थी से एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी, ऐसे में परेशान होकर प्रार्थी ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई, जिसका सत्यापन कराया गया। इस दौरान मामला सही पाए जाने पर एसीबी ने उप महानिरीक्षक डॉ.रवि के निर्देश पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में जाल फैलाकर आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। वहीं पार्षद उमेश शर्मा की अन्य मामलों में भी संलिप्तता पाए जाने पर देर रात तक पार्षद के घर और आरोपियों के आवास एवं अन्य ठिकानों पर सर्च किया गया।

गौरतलब है कि कांग्रेस पार्षद उमेश शर्मा का वार्ड सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में आता है।

## डेढ़ साल से अस्पताल में भर्ती एईएन से मिलने पहुंचे खरगे-गहलोत

# कांग्रेस के लिए कानून से बड़ा कोई नहीं, इसलिए काटा मलिंगा का टिकट

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शनिवार को बिजली विभाग के एईएन हर्षाधिपति वाल्मीकि से मिलने एसएमएस अस्पताल पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य कांग्रेस नेता भी खरगे के साथ रहे। इस दौरान इन नेताओं ने एईएन हर्षाधिपति से बात कर कुशलक्षेम पूछी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

मुलाकात के दौरान एईएन का परिवार भी साथ था। मुलाकात में दोनों नेताओं ने कांग्रेस की ओर से एईएन को हमेशा साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। गौरतलब है कि धौलपुर जिले के बाड़ी कस्बे में पिछले साल 28 मार्च को बिजली



निगम के कार्यालय में सहायक अभियंता हर्षाधिपति एवं कनिष्ठ अभियंता नितिन गुलाटी के साथ मारपीट की गई थी। वारदात के दूसरे दिन हर्षाधिपति द्वारा दिए गए पर्चा बयान के आधार पर विधायक मलिंगा समेत करीब एक दर्जन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी। हर्षाधिपति अब भी जयपुर उपचाराधीन हैं और चल-फिर नहीं सकते। हर्षाधिपति अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हैं।

### हार का ब्याज सहित बदला लीजिए: गहलोत

मालवीय नगर कांग्रेस प्रत्याशी अर्चना शर्मा के समर्थन शनिवार देर शाम को जन सभा हुई। इस दौरान सीएम अशोक गहलोत ने अर्चना शर्मा के लिए बोलते हुए कहा कि आप लोगों के समर्थन से खड़गे जी ने इनको टिकट दिया है। गहलोत ने कहा कि अर्चना शर्मा महान व्यक्तित्व की धनी है। पिछली बार भी आपने कामयाब किया था, लेकिन हार हुई मगर इस बार ब्याज सहित बदला लीजिए। पांच साल तक, जो सेवा की उससे मालूम है कि आपने मुझे तीसरी बार सीएम बनने का सौभाग्य दिया। सीएम ने कहा कि कोरोना में काम किया, हमारा भीलवाड़ा मॉडल दुनिया में पहुंचा है। आज के आधुनिक जयपुर के आप गवाह है। 20 वर्ष पहले जयपुर कैसा था सबको पता है। जयपुर पर्यटन को टूरिस्ट इंडस्ट्री का दर्जा दिया गया है।

### जघन्य अपराध करने वाले लोगों के लिए नए प्रावधानों पर विचार

खरगे ने मुलाकात के बाद कहा कि इस घटना की जांच के बाद राहुल गांधी और मैंने फैसला किया कि यदि किसी व्यक्ति ने दलित व्यक्ति के साथ अत्याचार किया है और हत्या का प्रयास किया है तो ऐसे व्यक्ति को टिकट देना अच्छा नहीं है। इसलिए हमने उसे टिकट नहीं दिया। गहलोत ने कहा कि सरकार जघन्य अपराध करने वाले ऐसे लोगों के लिए नए प्रावधानों पर विचार करने की कोशिश करेगी। यह एक बहुत बड़ी घटना थी। इस घटना के गंभीर होने के बाद बीजेपी ने राजस्थान की राजनीति में एक खराब उदाहरण पेश किया है। उन्होंने उसे मलिंगा को बीजेपी में शामिल कर टिकट दिया है। वाल्मीकि को हम न्याय दिलाकर रहेंगे। गहलोत ने कहा कि पार्टी का विधायक होने के बावजूद हमने मलिंगा को गिरफ्तार करवाया। मलिंगा पर केस दर्ज करवाकर चालान पेश करवाया। हमारे शीर्ष नेतृत्व ने भी मामले में गंभीरता दिखाते हुए मलिंगा का टिकट काटा, ताकि लोगों में मैसेज जाए कि कानून से बड़ा कोई नहीं है।

## जरूरी खबर

### कार से सोने के तीन बिस्कुट जब्त, कीमत 28 लाख



**डूंगरपुर।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने गुजरात से बांसवाड़ा जा रही एक कार से सोने के 3 बिस्कुट जब्त किए हैं। वहीं कार सवार 3 युवकों को पुलिस ने डिटेन किया है। सोने के बिस्किट का वजन 450 ग्राम है। इसकी बाजार कीमत करीब 28 लाख रुपए बताई जा रही है। थानाधिकारी मदनलाल खटीक ने बताया कि थाने के बाहर नाकेबंदी करते हुए वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान गुजरात की तरफ से आ रही एक कार को रोककर तलाशी ली। चालक के पास बैठे युवक की जेब से सोने के 3 बिस्कुट बरामद किए। युवकों के पास कोई दस्तावेज नहीं मिले।

### सरकारी टीचर ने नौकरी के नाम पर ठगे 10 लाख

**अलवर।** शहर के अरावली थाना क्षेत्र के सामोला निवासी व्यक्ति से उसके 3 बच्चों को सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए ठग लिए। मुंडावर के करनीकोट निवासी सरकारी टीचर ने तीसरे व्यक्ति करण सिंह के जरिए नौकरी लगाने के पैसे लिए थे। पहले 10 लाख रुपए लिए, नौकरी लगाने के बाद 21 लाख और देना तय हुआ था। आर्मी से रिटायर फौजी सुनील निवासी सामोला ईटाराणा गेट ने पुलिस को रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि हनुमान सिंह निवासी करनीकोट मुंडावर ने उसके बच्चों को नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए 22 अप्रैल 2022 को लिए थे।

### करोड़ों की हेरोइन मामले में तस्करों को भेजा जेल



**हनुमानगढ़।** करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत की हेरोइन बरामदगी के मामले में पीसी रिमांड पर चल रहे नाइजीरियन सहित दो आरोपियों को टाउन पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पीसी रिमांड के दौरान आरोपियों ने पुलिस के सामने अहम खुलासे किए हैं। टाउन पुलिस थाना प्रभारी वेदपाल शिवराण ने बताया कि नाइजीरियन पाब्लो उर्फ पीटर और मुख्य आरोपी बाबू खान को पीसी रिमांड के बाद कोर्ट ने जेल भेज दिया। इजीरियन आरोपी का पासपोर्ट प्राप्त कर लिया है, लेकिन उसका वीजा एक्सपायर हो चुका है। इसकी सूचना नाइजीरिया दूतावास को भिजवाई गई है।

**पुष्कर मेले का आगाज:** राजस्थानी संस्कृति की खिली छठा, दीपों की रोशनी से जगमगाए सरोवर के घाट

## नगाड़ा और शहनाई वादन के बीच किया मेले का ध्वजारोहण

**बेधड़क** | अजमेर

अन्तरराष्ट्रीय पुष्कर मेले का शनिवार को रंगा-रंग आगाज हुआ संभागीय आयुक्त सीआर मीणा ने ध्वजारोहण कर मेले की विधिवत शुरुआत की। सुबह 10:42 बजे शंख, नगाड़ा और शहनाइयों की स्लर-लहरियों के बीच तिरंगा लहराया गया।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। मेले में पहली बार शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि शाही बग्गी में सवार होकर पहुंचे। साथ में कैमल कार्ट भी चली, जिसमें विशिष्ट अतिथि, जिला प्रशासन व पुलिस के अफसर सवार हुए। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय नगाड़ा वादन नाथू लाल सोलंकी ने देसी-विदेशी साथियों के साथ अपनी प्रस्तुति दी। विदेशी पर्यटक भी लोक कलाकारों के साथ थिरकने दिखे। 200 छात्राओं की ओर से अलग-अलग राजस्थानी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। देसी विदेशी पर्यटकों के बीच फुटबॉल मैच में इंडियन टीम ने जीती, जिसे सम्मानित किया गया।



### शाम को दीपदान और महाआरती

पुष्कर मेले की शुरुआत होते ही रंगारंग कार्यक्रमों का दौर भी शुरू हो गया। संभागीय आयुक्त सीआर मीणा, कलेक्टर भारती दीक्षित, एसपी चुनाराम जाट ने भी अंतरराष्ट्रीय नगाड़ा वादक नाथूराम सोलंकी के साथ ढोल बजाया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक नवीन परिहार ने बताया कि पुष्कर पशु मेला 2023 का संभागीय आयुक्त ने उद्घाटन किया। मेले में हेल्प डेस्क लगाई गई है। इसके माध्यम से मेले की जानकारी दी जाएगी। पशुओं की प्रतियोगिताओं के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा की गई है। पशुपालक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। परिहार ने बताया कि पहले दिन देशी-विदेशी टूरिस्ट के बीच फुटबॉल मैच हुआ। शाम को पुष्कर के 52 घाटों पर दीपदान और महाआरती का आयोजन किया गया। यह पहला मौका है जब गोपाष्टमी के तीन दिन पहले ध्वजारोहण और सरोवर के घाटों पर दीपदान किया गया।

### आकर्षण का केन्द्र बना 11 करोड़ का 'अनमोल'



पुष्कर पशु मेले में कई राज्यों से पशुपालक अपने पशुओं के साथ आए हैं। मेले में कई उन्नत नस्ल के पशु भी हैं, जो आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. इनमें से एक हरियाणा से आया 'अनमोल' नाम का 1570 किलो वजनी भैंसा है। मुर्रा नस्ल के इस भैंसे की कीमत 11 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अपने आकार और कीमत की वजह से यह भैंसा पशु मेले में आकर्षण बना हुआ है। भैंसा मालिक रमीज ने बताया कि अनमोल की उम्र अभी 8 वर्ष है। जब इसका जन्म हुआ था तब इसका वजन 80 किलो था। अनमोल को खाने के लिए कुट्टी, मक्का, जौ का दलिया सुबह देते हैं और दिन में तीन से चार बार मालिश की जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 3 करोड़ रुपए किसी खरीदार ने लगाए थे, लेकिन हमने अनमोल को नहीं बेचा। इसकी कीमत हमने करोड़ 11 करोड़ रुपए लगाई है। अनमोल को खुराक के तौर पर केले, अंडे दिए जाते हैं। रोज 5 किलो फल दिया जाते हैं, जिसमें 20 केले, 20 आमलेट और 5 किलो दूध दिया जाता है। इसके रोज का खाने का खर्चा 2 से 3 हजार रुपए पड़ता है।

**सेहत से खिलवाड़:** शादी के लिए सप्लाई देने आया था आरोपी

## 450 किलो नकली घी बरामद असली की वसूली थी कीमत

**बेधड़क** | नागौर

पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम ने नागौर जिले के थाना जायल क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए नकली घी को असली देसी घी बताकर बेच रहे गांव राजोद निवासी आरोपी हजारी लाल को डिटेन कर बोलेरो गाड़ी में रखे 30 पीपों में भरा 450 लीटर नकली देसी घी बरामद किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धर-पकड़ के लिए सीआईडी क्राइम ब्रांच की विशेष टीम अलग-अलग शहरों में भेजी गई है। अजमेर की और भेजी गई टीम ने शुक्रवार देर रात को मुखबिर की सूचना पर जायल कस्बे में इस कार्रवाई को अंजाम दिया। नागौर पहुंची पुलिस टीम को मुखबिर से नकली घी की सप्लाई होने की जानकारी मिली। सूचना की पुष्टी के बाद देर रात को टीम ने जायल कस्बे में कार्रवाई कर बोलेरो गाड़ी से घी बेचने आए हजारी लाल जाट को डिटेन किया। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में घी नकली होना बताया।



### डिलिवरी लेने आए व्यक्ति ने की शिकायत

घी की डिलिवरी लेने आए व्यक्ति ने आरोपी के खिलाफ थाना जायल में शिकायत दी। इसमें बताया कि उसके परिवार में देवउठनी ग्यारस 23 नवम्बर को शादी है। इसलिए उन्होंने हजारी लाल को देशी घी का ऑर्डर दिया था। असली घी के पैसे लेकर आरोपी उसे नकली घी थमा रहा था। पुलिस ने मौके पर फूड डिपार्टमेंट की टीम को भी बुलाया। विभाग के ऑफिसर द्वारा घी के सैंपल लिए गए हैं, जिसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में घी नकली पाया गया है। जब्त किए गए 30 पीपों पर किसी कम्पनी का लेबल नही लगा है। सादा पीपों में घी भरकर आरोपी डिलिवरी देने आया था। इस कार्रवाई में क्राइम ब्रांच के एएसआई बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल सोहन सिंह, कांस्टेबल अरुण कुमार, कुलदीप सिंह व कांस्टेबल चालक सुरेश की विशेष भूमिका रही।

### अवैध शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़, चुनाव में सप्लाई का शक

**कोटा।** शहर पुलिस ने आवासीय कॉलोनी में अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा है। मौके से स्पिरिट के ड्रम, पैकिंग मशीन, खाली कर्टन सहित बड़ी संख्या में शीशी व ढक्कन बरामद किए हैं। इस सामग्री की कीमत लाखों में बताई जा रही है। शराब का ये गोरखधंधा किराए के मकान में चलाया जा रहा था। पुलिस को अंदेशा है कि यहां बनने वाली नकली शराब चुनाव में सप्लाई होनी थी। डीएसपी हर्षराज खरेड़ा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरकेपुरम थाना क्षेत्र में विवेकानन्द नगर के एक मकान में अवैध शराब बनाई जा रही है। इस पर सर्च वारंट लेकर मकान में छापा मारा गया। मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने की सामग्री मिली है। ये मकान बारां निवासी राकेश नागर का बताया गया है, जिसे सांगोद बपावर निवासी जीतू उर्फ जितेंद्र ने किराए पर ले रखा है। फिलहाल मौके पर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। दो बाइक व एक कार की नम्बर प्लेट भी यहां से जब्त की गई है। डीएसपी खरेड़ा ने बताया कि इस मकान में सरकारी नींबू ब्रांड की शराब की कॉपी करके अवैध शराब तैयार की जा रही थी। मकान की तलाशी में पुलिस की टीम को बड़ी मात्रा में नींबू ब्रांड लिखे स्टिकर मिले हैं। जिस तरह से मकान में सेटअप लगा था। उससे लगता है कि यहां लंबे समय से अवैध शराब बनाई जा रही थी। हैरानी की बात तो ये है लोडिंग अनलोडिंग के वक्त भी आस पड़ोस में रहने वाले लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुलिस अब मकान मालिक से पूछताछ की बात कह रही है। मकान किराए पर लेने वाला जीतू नाम का व्यक्ति फरार है।



**महिला की हत्या का खुलासा**

## पति ही निकला कातिल, पेड़ से गिरकर मौत की गढ़ी झूठी कहानी



**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

कपासन थाना पुलिस ने चतुर्भुजपुरा में हुई महिला की मौत का खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपनी पत्नी की डंडे से पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या की थी। वारदात को छिपाने के लिए महिला की पेड़ से गिरकर मृत्यु होने की झूठी कहानी गढ़ी और पुलिस में झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई।

एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि भट्टो का बामणीया थाना कपासन निवासी भैरुलाल भील ने पुलिस में दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी पुत्री का विवाह चर्तुभुजपुरा कपासन निवासी गोटु लाल भील से करीब 11-12 वर्ष पहले हुआ था। गोटु लाल आए दिन शराब पीकर उसकी बेटी से मारपीट करता था। 6 नवम्बर की रात उसने डंडे से बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत होने के बावजूद पीहरवालों को कोई सूचना नही दी। इतना ही नहीं बल्कि पेड़ से गिरने से महिला की मौत होने की झुठी रिपोर्ट पुलिस को दे दी गई। आरोपी पर हत्या व सबूत मिटाने का मामला दर्ज कर जांच की गई।

मामले का खुलासा करने व फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए जाने पर एएसपी बुगलाल मीना व डीएसपी कपासन बुद्धराज के सुपरविजन में थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह व एसआई लक्ष्मण सिंह, हेड कांस्टेबल तंवर सिंह, तेजमल, कांस्टेबल शेतान सिंह व राजेश द्वारा तकनीकी मदद से जांच कर आरोपी पति गोटुलाल भील को डिटेन किया। पूछताछ में आरोपी ने झगडा होने पर शराब के नशे में पत्नी के साथ लाठी से मारपीट कर हाथों से गला दबाकर हत्या करना कबूल कर लिया।

**आग पर काबू पाने में** दमकलकर्मियों के छूटे पसीने

## कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के बासनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कपड़ा कंपनी का गोदाम भभक उठा। इसके चलते लाखों का माल जलकर खाक हो गया। आग इतनी भीषण थी कि दमकल कर्मियों को काबू करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

शनिवार सुबह अचानक लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई और गोदाम को पूरी तरह से चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। कपड़े के रोल में रह-रहकर लपटे उठने से दमकलकर्मियों को आग बुझाने में पसीने छूट गए। दोपहर बाद तक आग बुझाने की मशक्कत चलती रही। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार काफी दूर तक नजर आ रहा था। धुएं के बीच आग की भयावह लपटें सबकुछ जलाने को तैयार थी। आग लगने का कारण प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के बाद आस-पास के फैक्ट्रियों से लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। बासनी फायर स्टेशन के बंशीदास वैष्णव ने बताया कि सुबह 10 बजे के करीब शिव शक्ति लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट के कपड़ा गोदाम में आग लग गई।



यहां पर दमकलों ने 10 से अधिक फेरे लिए। गोदाम में लगभग 10 ट्रक कपड़े की गांठें भरी हुई थी। इसके चलते आग को बुझाना चैलेंज बना हुआ था। फिलहाल जेसीबी की सहायता से कपड़े की गांठों को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि ट्रांसपोर्ट कंपनी का गोदाम पिछले 3 साल से किराए पर चलाया जा रहा था।

**ऑपरेशन जैकपॉट के तहत कार्रवाई,** एक आरोपी गिरफ्तार

## 25 लाख का नशा व 33.50 लाख रुपए जब्त

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

ऑपरेशन जैकपॉट के तहत जिले की गंगापुर थाना पुलिस टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

टीम ने पोटला गांव में दबिश देकर एक रिहायशी मकान से 119 किलो डोडा पोस्त, 1 किलो 400 ग्राम अफीम एवं 33 लाख 50 हजार रुपए नकद जब्त किए। वहीं मौके से एक आरोपी बद्रीलाल को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मादक पदार्थ की कीमत करीब 25 लाख रुपए है। एसपी श्याम सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग की गाइडलाइन एवं पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन जैकपॉट के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोशन लाल पटेल व सीओ लाभूराम बिश्नोई के सुपरविजन में एसएचओ गंगापुर नरेंद्र जैन ने टीम सहित पोटला गांव में इस कार्रवाई को अंजाम दिया। एसपी सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पोटला गांव में बद्री लाल जाट के रिहायशी मकान में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ व नकदी रखी हुई है। सूचना पर एसएचओ नरेंद्र जैन और टीम की ओर से छापा मार कार्रवाई की गई।



इसमें 119 किलो डोडा पोस्त, 1 किलो 400 ग्राम अफीम एवं 33 लाख 50 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। आरोपी बद्री लाल जाट को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल राजवीर, बाबूराम, सुरेश कुमार व गोपाल की विशेष भूमिका रही।

**अभियान डोर-टू-डोर... नो मोर**

## औसतन 22 हजार वाहन चोरी, बरामदगी 10% से कम

**ओमप्रकाश शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच का चोरी के वाहनों को ढूंढ़ने के लिए चलाया गया डोर टू डोर अभियान मादक पदार्थों के ऑपरेशन में उलझ गया। दरअसल, आदेश निकालकर पुलिस मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारी अभियान की मॉनिटरिंग करना ही भूल गए और जिला एसपी व डीसीपी ने भी अभियान को कागजों में ही दफन कर दिया।

पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि हर साल औसतन 22 हजार दुपहिया व चौपहिया वाहन चोरी होते हैं। इनमें से पुलिस 10 फीसदी वाहन भी पुलिस बरामद नहीं कर पा रही है। ऐसे में तत्कालीन एडीजी क्राइम रवि प्रकाश मेहरड़ा ने एक आदेश जारी कर सभी जिला एसपी को थाने स्तर पर इलाके में बीट कांस्टेबल को डोर टू डोर भेजकर सभी घरों में खड़े वाहनों की जांच पड़ताल करवाने के निर्देश दिए थे। करीब 27 हजार पुलिसकर्मियों के लिए पुलिस मुख्यालय ने अभियान चलाने के आदेश दिए थे। बता दें, प्रदेश में 900 से ज्यादा पुलिस थाने है और इन थानों में 27 हजार बीट बना रखी है, जिसकी जिम्मेदारी कांस्टेबल रैंक के पुलिसकर्मी को दे रखी है।



- सीआईडी सीबी के ऑपरेशन में उलझी चोरी के वाहनों की खोज
- पीएचक्यू ने सभी आईजी व SP-डीसीपी को दिया था टास्क
- आदेशों के बाद एडीजी क्राइम बदले तो अभियान भी बदल गया

### यह है प्रदेश में वाहन चोरी की स्थिति

| वर्ष | वाहन चोरी | एफआर |
|---|---|---|
| 2019 | 23780 | 22561 |
| 2020 | 19063 | 15893 |
| 2021 | 22175 | 18256 |
| 2022 | 23763 | 20656 |

### चल गया दूसरा अभियान

पुलिसकर्मियों में घरों में जाकर वहां पर खड़े वाहनों के चेसिस व इंजन नंबर राजकॉप एप में डालकर जांच करनी थी, लेकिन एडीजी के तबादले के बाद दिनेश एमएन को क्राइम ब्रांच में एडीजी लगा दिया गया। ऐसे में मॉनिटरिंग नहीं होने से यह अभियान कागजों में ही दफन हो गया, क्योंकि एमएन ने प्रदेश भर में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चला दिया। इससे उसकी मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। इस हर साल 20 हजार से ज्यादा लोगों को नुकसान हो रहा है।

### हर सात दिन में देनी थी SP को रिपोर्ट

आदेशों के अनुसार थाना स्तर पर हर सात दिन में बीट कांस्टेबल द्वारा डोर टू डोर किए गए वाहनों की जांच की रिपोर्ट जिला एसपी को दी जानी थी। इसके बाद में जिला एसपी व डीसीपी रेंक के अफसर पूरे जिले की रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजते, लेकिन जिला स्तर पर अफसरों की लापरवाही के कारण अभियान कागजों में ही दफन हो गया। प्रदेश में रोजाना औसतन 4 से 6 चौपहिया और 40 से 45 दुपहिया वाहन चोरी हो रहे हैं। यानी औसतन हर साल पुलिस थानों में 22 हजार वाहन चोरी के मुकदमे दर्ज होते है और पुलिस औसतन हर साल 18 हजार के करीब मुकदमों में एफआर लगा देती है।

**आगरा-मुंबई हाईवे पर सड़क हादसा**

## मां से मिलकर लौट रहे बेटे की दर्दनाक मौत

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले के मनिया थाना क्षेत्र में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर डडोली गांव के नजदीक शनिवार को मां से मिलकर लौट रहे 26 साल के युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक मनिया कस्बा निवासी रामरतन सिंह पुत्र भगवान सिंह डंडोली में अपनी मां से मिलने गया था। मां से मिलकर युवक वापस घर लौट रहा था। आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल जा रहे युवक को पीछे से अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे को देख स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित कर घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मनिया थाना पुलिस को दी गई। जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सीओ मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। वाहन चालक की हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर तलाश की जा रही है।



**चुनावी पोळ**

रण वोटां को जोर चढ्यो,
बढ़ बढ़ रह्या ललकार।
अगड़ा- पिछड़ा- दलित रै,
नेता कांधे चढ़ करैं वार।।

गजानन

**विधानसभा चुनाव** सचिन पायलट को 'विक्टिम' बता माहौल बना रहे भाजपा नेता

# गुर्जरों को साधने के लिए भाजपा के पास भी है 'पायलट फैक्टर'

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बाद सबसे बड़ा चेहरा निर्विवाद रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट हैं। कांग्रेस में पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए सचिन पायलट से जुड़े घटनाक्रमों और बाद में उनके अचानक शांत हो जाने के बाद उन्हें कांग्रेस की सरकार बनने की स्थिति में मुख्यमंत्री का भी प्रबल दावेदार माना जा रहा है। प्रदेश में चुनाव प्रचार में वे सक्रिय भी हैं।

लेकिन पूर्वी राजस्थान, जहां से लड़कर पायलट विधानसभा पहुंचे, वहां चुनाव प्रचार भी उनके चेहरे पर ही टिका हुआ है। पूर्वी राजस्थान में गुर्जर मतदाताओं का बाहुल्य है और दोनों ही पार्टियां गुर्जरों को साधने के लिए पायलट के चेहरे का सहारा ले रही हैं। कांग्रेस जहां पायलट के नाम पर गूर्जरों का ध्रुवीकरण करने में जुटी है वहीं भाजपा पायलट को 'विक्टिम' साबित कर सहानुभूति के नाम पर गुर्जर वोटों पर डोरे डाल रही है।

पूरे प्रदेश की बात करें तो भरतपुर, धौलपुर, अलवर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, टोंक, भीलवाड़ा, अजमेर, झालावाड़, बारां और कोटा जिले में गुर्जर मतदाता बहुलता में हैं। इन सीटों पर गुर्जर समाज पर पायलट फैक्टर किस तरह काम करेगा यह देखने वाली बात होगी। वर्तमान में कांग्रेस विधायक दल में आठ विधायक गुर्जर समाज के हैं। इनमें डॉ. जितेंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह अवाना, अशोक चांदना, शकुंतला रावत और राजेंद्र सिंह बिधूडी पहले भी जीत चुके हैं। अपने-अपने क्षेत्र में अच्छा दबदबा रखते हैं लेकिन ये सचिन पायलट के साथ नहीं हैं।

शेष तीन विधायकों में सचिन पायलट खुद, जीआर खटाना और इंद्राज गुर्जर हैं। खटाना और इंद्राज को पायलट के बूते ही टिकट मिला था । पूर्वी राजस्थान की दो प्रमुख सीट टोंक व सवाई माधोपुर के भाजपा प्रत्याशियों के माध्यम से इस रणनीति को समझते हैं। पायलट खुद टोंक से चुनाव लड़ रहे हैं।



## भाजपा की तीन ओर से घेरने की कोशिश

भाजपा ने कर्नल किरोड़ी बैंसला के बेटे विजय बैंसला को देवली-उनियारा से प्रत्याशी बनाया है। ऐसा करके भाजपा ने पायलट को गुर्जर कार्ड के नजरिए से टोंक तक ही सीमित करने का प्रयास किया है। इससे पहले दक्षिण दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी को टोंक जिले का प्रभारी बनाने का ऐलान किया गया था। साथ ही सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया पहले ही यहां कैम्पेनिंग कर रहे हैं। भाजपा के इस तीन तरफा घेराव से पायलट की मुसीबतें बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। टोंक जिले के सियासी गणित पर नजर डालें तो 11 लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में जाट, गुर्जर, मीणा व अल्पसंख्यकों का बाहुल्य है। जिले की चार सीटों में गुर्जर मतदाताओं की तादाद बहुत ज्यादा है, जो जिले की चारों सीटों को प्रभावित करती है। 2013 और वर्ष 2018 में इसका प्रमाण भी देखने को मिला था। टोंक में करीब 35 हजार, देवली-उनियारा में करीब 60 हजार, निवाई-पीपलू में 40 हजार व मालपुरा-टोडारायसिंह में 38 हजार गुर्जर मतदाता हैं। भाजपा की रणनीति सचिन पायलट को टोंक में ही घेरकर राजस्थान की बाकी सीटों पर पायलट फैक्टर को खत्म करने की है।

### इस बार नहीं मिलेगा सीएम चेहरे का फायदा: मेहता

कांग्रेस नेता सचिन पायलट के साथ अपने विधानसभा चुनाव मुकाबले को 'स्थानीय-बनाम-बाहरी' लड़ाई के रूप में पेश करते हुए टोंक से भाजपा के उम्मीदवार अजीत सिंह मेहता का कहना है कि पायलट को इस बार मुख्यमंत्री पद के चेहरे का लाभ नहीं मिलेगा जो उन्हें 2018 में मिला था। मेहता 2013 से 2018 तक इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मेहता का कहना है कि पायलट एक 'बाहरी व्यक्ति' हैं जिन्होंने पिछली बार 'मुख्यमंत्री पद का चेहरा' होने का लाभ उठाते हुए बड़ी जीत हासिल की थी। एक जनसभा के दौरान मेहता ने कहा कि पायलट के सामने पहली बार स्थानीय उम्मीदवार है। इस बार वे मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में नहीं बल्कि विधायक बनने के लिए लड़ रहे हैं। मेहता ने पायलट पर पिछले पांच वर्षों में निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के बीच नहीं रहने का भी आरोप लगाया।



### पायलट के साथ विश्वासघात हुआ: किरोड़ी लाल मीणा

भाजपा सांसद व सवाई माधोपुर से प्रत्याशी किरोड़ी लाल मीणा का कहना है कि राजस्थान में गुर्जर समुदाय ने भाजपा में 'घर वापसी' की है क्योंकि उसके 'वरिष्ठ नेता' सचिन पायलट के साथ कांग्रेस ने विश्वासघात किया। कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अबरार के खिलाफ ताल ठोक रहे भाजपा उम्मीदवार मीणा का कहना है कि इससे गुर्जर समुदाय 'अपमानित' महसूस कर रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पायलट को अपशब्द कहे थे। भाजपा द्वारा परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक जैसे मुद्दों पर चलाए जा रहे अभियान में अग्रिम मोर्चे पर कमान संभाल रहे मीणा ने राजस्थान में कांग्रेस के शासनकाल में 'अप्रत्याशित भ्रष्टाचार' होने का दावा किया। मीणा का कहना है कि गुर्जर समाज के बड़े नेता पायलट को कांग्रेस ने पिछले चुनाव में मुख्यमंत्री बनाने का आश्वासन दिया था लेकिन उनके साथ विश्वासघात किया गया।





**बिहाइंड द कर्टेन**

## इतना हंगामा... फिर भी सवाल कैसा है माहौल

*दो राज्यों से रुझान आ गए। पड़ौसी राज्य में बम्पर वोटिंग के बाद अंदाजे लग रहे हैं। आचार संहिता उल्लंघन और हिंसा की घटनाओं पर सबको अचरज हो रहा है। हर किसी को अपना आकलन निष्पक्ष, विश्वसनीय, तथ्यात्मक लग सकता है। एक्जिट पोल 30 को आएंगे। किसके मन में क्या है और कौन किसे मांग रहा है वह अगले महीने की तीन को पता चलेगा। अब सबका फोकस राजस्थान पर। स्टार प्रचारकों ने डेरा जमा लिया है। चुनावी सभाएं, रोड शो, रैलियां। इतना शोर-शराबा फिर भी सवाल यह कि माहौल क्या है। घरों पर झण्डे नजर नहीं आ रहे। कोई सर्वे करने भी नहीं आया। मोहल्लों में चुनाव कार्यालय कहां है पता नहीं। आम मतदाताओं में उत्साह कहां से आएगा। सारी भीड़ नेताओं के इर्द-गिर्द जमा है। ज्यादातर उम्मीदवारों के चुनाव अभियान की कमान रिश्तेदारों के हाथ में है। कहीं बेटा, कहीं भाई, कहीं पति। कैम्पेन एजेंसियों के हाथ में। पार्टी वर्कर के पास जाजम बिछाने तक का काम नहीं है। मजबूरी में हाजरी बजा रहे हैं। बागियों ने पहले ही परेशान कर रखा है। अब भितरघात का डर। पता लगा रहे हैं। एक्शन चुनाव बाद होगा। अभी रिस्क नहीं ले सकते। प्रिंट हो या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया। एक जैसी हेडलाइन्स। कुछ तुर्रम खां हैं जो कह रहे हैं ये जीत रहे हैं पर वो नहीं हार रहे। ये भी खुश, वो भी राजी। अब आप सिर धुनते रहो। नेता या स्टार प्रचारक एक जैसी बातें कह रहे हैं। वादों का अंबार लगा है। किसी पार्टी या नेता को अपनी जेब से कुछ देना नहीं। जनता हर कदम पर टैक्स चुका रही है। वादे अमल में आए तो उसी में से कुछ मिल जाएगा। बाकी कितना टका नेताओं की जेब में जाएगा वे ही जानते हैं। असल बात शासन करने के तरीके की है। गुड गर्वनेंस कह लो या सुशासन। प्रचार अभियान शुरू हुए महीने से ऊपर हो गया। आरोप-प्रत्यारोप का घटाटोप थमने का नाम ही नहीं ले रहा। अपनी ढपली, अपना राग। कितनी बार सुनें या पढ़ें। जो आमने-सामने हैं उनकी बातों पर भरोसा किया जाए तो सभी घोटालेबाज हैं। फिर भी कहते हैं कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगा देंगे। नेता और करप्शन जैसे एक-दूजे के लिए ही बने हैं। घोषणा पत्र, विजन डाक्यूमेंट हो या संकल्प पत्र। सब रस्म अदायगी। पार्टियां और मतदाता इन्हें ज्यादा तवज्जो नहीं देते। जब भी चुनाव आते हैं ऐसा ही होता है। सबको आजमा कर देख लिया। कभी ये, कभी वो। जो सामने है उसी में से चयन करना है। बहुत अच्छा नहीं तो कम बुरा सही। हमारा फैसला ही प्रदेश का भविष्य तय करेगा।*

■ यायावर

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## भाया...! राजनीति अब सेवा कोन रही... लोग धंधो बणा लिया

**स्थान** पुरानी बस्ती **समय** दोपहर 3:00 बजे

जयपुर



*राजस्थान के चुनाव को लेकर अब आमजन में भी चुनावी रंगत देखने को मिल रही है। लोग अपने प्रत्याशी को लेकर चर्चा करने लगे हैं। आज हम आए हैं बगरू वालों के रास्ते के आखरी चौराहे पर शर्माजी की टी स्टॉल पर। यह इलाका हवामहल विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है। यहां टी शॉप के संचालक राजेश कुमार शर्माजी के कुछ घनिष्ठ मित्र रोज दोपहर की चाय यहां उनके साथ पीते हैं। यहां पं. श्रीकृष्ण चतुर्वेदी, पं. राजेश शर्मा, कन्हैया लाल लाठा और अन्य दो तीन लोग बैठे हुए हैं। इसी बीच हम भी वहां पहुंचे और चुनावी माहौल को लेकर हो रही चर्चा में शामिल हुए। चाय की चुस्कियों के बीच बात पुराने नेताओं को लेकर चल रही थी। इसी बीच पास ही कुर्सी पर बैठे चतुर्वेदीजी ठेठ ढूंढाड़ी अंदाज में बोले- भाया...! राजनीति अब सेवा कोन रही, लोग ई नै धंधो बणा लिया। वोट लेबा बाद में नेताजी शकल भी कोन दिखाव ला। पुराणा नेता गली-मोहल्ला सैं रोज निकलता तो सब सैं रामा-श्याम करता चालता। हवामहल क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता रहे गिरधारी लाल भार्गव और भंवर लाल शर्मा को याद करते हुए चतुर्वेदी कहते हैं- आज भार्गव साब और भंवरजी जस्या नेता दुर्लभ छ। इसी बीच लाठाजी ने भी नेताओं पर भड़ास निकालनी शुरू कर दी। चुनाव के समय तो सभी नेता जनता के पास आकर वोट मांगते हैं, लेकिन जीतने के बाद दर्शन दुर्लभ हो जाते हैं। आज स्वार्थ की राजनीति हो गई है। इसी बीच राजेश पंडितजी ने लाठाजी को टोकते हुए कहा... अरे साहब ऐसा नहीं है। राजनीति में अच्छे लोग आज भी हैं, जिनकी वजह से पूरा सिस्टम चल रहा है। गिरावट आई है, लेकिन सब एक जैसे नहीं होते। ईमानदार और सेवाभावी उम्मीदवार को हमे आगे बढ़ाना चाहिए। लोकतंत्र में जनता के पास वोट की ताकत है। इसी बीच देश के विकास की बात छिड़ी तो दूसरे राजेशजी भी बोल पड़े- अरे भाई... आजादी के बाद से अब तक जिस भी पार्टी की सरकार रही उसने काम तो किया ही है। तभी आज देश चांद तक पहुंच गया है। इसलिए लोकतंत्र के इस पर्व में हमें वोट जरूर देना चाहिए, चाहे आपकी पसंद कोई भी दल या कोई भी उम्मीदवार हो। जनता योग्य लोगों को चुनेगी तभी देश का विकास होगा।*

■ गोपाल शर्मा

**पॉली क्लिक्स**






**चुनावी तान**

*कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का 'रंगीला' अंदाज प्रदेश के चुनाव में खासा चर्चा में है। ये दोनों तस्वीरें डोटासरा के इस बदले अंदाज की पुष्टि करती हैं। एक में वे ग्रामीण महिलाओं के साथ लोकगीतों का भरपूर आनंद लेते दिख रहे हैं तो दूसरी में युवाओं को गीत-संगीत की धुन पर प्रोत्साहित करते नजर आ रहे हैं।*

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# 50 साल में सवा सौ से ज्यादा दलों ने तलाशी जमीन, चुनिंदा ही हुए सफल

मतदान प्रक्रिया के तहत अब आते हैं मतदान पूर्व की तैयारी पर। प्रायः प्रत्येक वर्ष की पहली तारीख को आधार मानकर चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची तैयार की जाती है। अब तो फोटोयुक्त मतदाता सूची बनाई जाने लगी हैं। समय समय पर इसे संशोधित किया जाता है। मतदान से कुछ समय पहले भी अनुपूरक मतदाता सूची बनाई जाने लगी हैं। मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ चुनाव कार्यक्रम में परिणाम तक का विवरण घोषित किया जाता है। चुनाव सम्पन्न होने के साथ विधायिका का गठन होता है।



लोकतंत्र की इमारत चुनाव की नींव पर खड़ी है। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पश्चात सात दिन की अवधि में प्रत्याशी नामांकन पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। इस चुनाव में आयोग ने ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन नामांकन भरने के लिए सुविधा एप बनाया है। ऑनलाइन नामांकन के दिन ही प्रत्याशी को रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन संबंधी दस्तावेजों की हार्डकॉपी जमा करानी होती है । एक प्रत्याशी की चुनाव रैली, वाहनों के उपयोग तथा हैलीकाप्टर उपयोग की अनुमति इत्यादि सुविधाएं भी एप पर उपलब्ध हैं।

ऑनलाइन नामांकन के पीछे आयोग की रैली के रूप में यातायात पर होने वाले दबाव को कम करने की मंशा थी। लेकिन नामांकन रैलियों को प्रत्याशी के पक्ष में शक्ति प्रदर्शन का प्रतीक माना जाने लगा है। नामांकन पत्र भरते समय रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष निर्धारित संख्या में समर्थक उपस्थित रहते हैं लेकिन नामांकन के बाद जनसभा का फैशन चरम पर है जहां पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी चुनावी जीत का मंत्र समझी जाती है।

राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त तथा पंजीकृत राजनैतिक दल के प्रत्याशी के रूप में और निर्दलीय भी नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। एक प्रत्याशी नामांकन पत्र के अधिकतम चार सैट जमा करा सकता है। नए नियमों में अब कोई भी उम्मीदवार अधिकतम दो निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव लड़ सकता है। लेकिन दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन भरा जा सकता है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने एक बार छह निर्वाचन क्षेत्रों से नामजदगी के पर्चे दाखिल किए थे। लेकिन चुनाव दो जगह से लड़ा। प्रदेशों में अक्सर चुनाव से पहले नए-नए राजनैतिक दल पंजीकृत होते हैं तथा नियमानुसार मान्यता एवं चुनाव चिह्न भी आवंटित कराते हैं। पिछले 50 सालों में लगभग सवा सौ राजनैतिक दलों ने सियासी जमीन तलाशनी चाही लेकिन उनकी दाल नहीं गली । इनमें एक तिहाई कमोबेश सक्रिय रहे। दलों का यह क्रम जारी है।

### कानूनी दांव पेच का फायदा उठाते हैं दागी

नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी के पश्चात चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाते हैं। राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक दलों के लिए चुनाव चिह्न निर्धारित होते हैं। स्वतंत्र प्रत्याशियों के लिए मुक्त चुनाव चिह्नों की लम्बी सूची है। चुनाव चिह्नों का भी दिलचस्प इतिहास रहा है। इन चिह्नों से जुड़े गीत भी कभी लोकप्रिय हुआ करते थे। नामांकन पत्र में दलीय अथवा निर्दलीय प्रत्याशी को अपना एवं परिवार, पत्नी या पति की चल-अचल सम्पति तथा आपराधिक रिकॉर्ड का विवरण देना होता है। इसके बावजूद दागी उम्मीदवारों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। यही नहीं कानूनी दांव पेच के चलते ऐसे प्रत्याशी लोकसभा, विधानसभा में पहुंचकर मंत्री तक बन जाते हैं। निर्वाचन आयोग ने दागियों को टिकट देने के कारणों की जानकारी 48 घंटों में सार्वजनिक करने, स्वयं प्रत्याशियों को भी समाचार पत्रों में तत्संबंधी विज्ञापन देने के निर्देश हैं। ऐसे दागियों को आजीवन चुनाव लड़ने पर रोक की मांग अदालत में लंबित है।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

**शाश्वत सनातन**

*कंबोडिया के अंकोरवाट मंदिर को दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल माना जाता है, जिसका पुराना नाम 'यशोधरपुर' था। यह 162.6 हेक्टर क्षेत्रफल में फैला हुआ है और खमेर साम्राज्य के लिए भगवान विष्णु के हिंदू मंदिर के रूप में बनाया गया था। 19वीं शताब्दी में फ्रांसीसी पुरातत्वविद के द्वारा चर्चा में आने के बाद, यह मंदिर कंबोडिया के राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक बन गया है। मंदिर के दीवारों पर हिन्दू धर्म की गौरवशाली कथाएं छपी हैं, जो इसे एक अद्वितीय स्थल बनाती हैं। मंदिर का प्रवेश द्वार 1000 फुट चौड़ा है और इसे यूनेस्को ने विश्व विरासत में शामिल किया है।*

# दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल है अंकोरवाट मंदिर

**कंबोडिया में है भगवान विष्णु का मंदिर, 1000 फुट चौड़ा है प्रवेश द्वार**



कंबोडिया में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल अंकोरवाट मंदिर है। इसका पुराना नाम 'यशोधरपुर' था। यह मंदिर 162.6 हेक्टर यानी की 2 किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यह मूल रूप से खमेर साम्राज्य के लिए भगवान विष्णु के एक हिंदू मंदिर के रूप में बनाया गया था। यह मंदिर लंबे समय तक गुमनाम रहा, फिर उसके बाद 19वीं शताब्दी में फ्रांसीसी पुरातत्वविद हेनरी महोत के कारण चर्चा में आया। यह मंदिर धीरे-धीरे कंबोडिया के राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक बन गया और वहां के राष्ट्रीय ध्वज में भी इसे सम्मान दिया गया। यहां की दीवारों पर छपे चित्र और उकेरी गई मूर्तियां हिन्दू धर्म के गौरवशाली इतिहास की कहानी बयां करती हैं। सीताहरण, हनुमान का अशोक वाटिका में प्रवेश, अंगद प्रसंग, राम-रावण युद्ध, महाभारत जैसे अनेक दृश्य बेहद बारीकी से उकेरे गए हैं।







## साढ़े तीन किमी लंबी पत्थर की दीवारों से घिरा है मंदिर

इस मंदिर की विशालता का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि मंदिर में प्रवेश के लिए एक विशाल द्वार बनाया गया है, जो लगभग 1000 फुट चौड़ा है। मंदिर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी पत्थर की दीवारों से घिरा हुआ है। इस दीवार के बाद 700 फीट चौड़ी खाई है, जिसपर एक जगह 36 फुट चौड़ा पुल है। इस पुल से मंदिर के पहले खंड द्वार तक पहुंचा जा सकता है। इस विशाल मंदिर की दीवारों पर रामायण की कथाएं मूर्तियों में दर्शायी गई हैं, जिससे ऐसा लगता है कि विदेशों में जाकर भी प्रवासी कलाकारों ने भारतीय कला को जीवित रखा था। मंदिर में की गई कलाकारी को देखकर लगता है कि यह भारतीय गुप्त कला से प्रभावित है। यहां के मंदिरों में तोरण द्वार और अलंकृत शिखर दिखते हैं। बड़ी-बड़ी प्रस्तर मूर्तिया यहां बनाई गई हैं। कंबोडिया के मीकांग नदी के किनारे सिमरिप शहर में स्थापित इस मंदिर के प्रति वहां के लोगों में अपार श्रद्धा है। यह मंदिर मेरु पर्वत का भी प्रतीक है।

## खमेर शास्त्रीय शैली से प्रभावित है स्थापत्य

खमेर शास्त्रीय शैली से प्रभावित स्थापत्य वाले इस विष्णु मंदिर का निर्माण कार्य सूर्यवर्मन द्वितीय ने प्रारंभ जरूर किया, लेकिन वे इसे पूरा नहीं कर सके। मंदिर का कार्य उनके भांजे व उत्तराधिकारी धरणीन्द्रवर्मन के शासनकाल में पूरा हुआ। मिश्र व मैक्सिको के स्टेप पिरामिडों की तरह यह सीढ़ी पर उठता गया है। इसका मूल शिखर लगभग 64 मीटर ऊंचा है। इसके अतिरिक्त अन्य सभी आठों शिखर 54 मीटर ऊंचे हैं।



## इंद्र ने अपने बेटे के लिए बनवाया था यह मंदिर!

इस प्राचीन मंदिर की दीवारों पर भारतीय हिंदू धर्म ग्रंथों के प्रसंगों का विस्तार से चित्रण किया गया है। इसमें असुरों और देवताओं के बीच हुए समुद्र मंथन का दृश्य भी दिखाया गया है। यह भी कहा जाता है कि खुद भगवान इंद्र ने महल के तौर पर अपने बेटे के लिए इस मंदिर का निर्माण किया था। दक्षिण-पूर्वी एशिया के वस्तु कला में इस मंदिर को उत्कृष्ट उदाहरण का एक खूबसूरत नमूना माना जाता है। यह मंदिर एक चबूतरे पर बना है, जिसमें तीन खंड हैं। यहां बने गुम्बज की लम्बाई लगभग 180 फीट है। इस मंदिर को यूनेस्को ने भी विश्व विरासत में शामिल किया है।

**कविता**

## मैं वोट मांगने आया हूं





गुलाब कुमावत खीमेल
सांचौर, (राजस्थान)

वोटों के मौसम में
मैं वोट मांगने आया हूं
जनता का सेवक हूं
सेवा करने आया हूं
पांच वर्षों से की मैंने मेरी सेवा
अब सेवा आपकी करने आया हूं।।
जीत का हार पहना दो
बस यही कहने आया हूं
नहीं आऊंगा
पांच वर्षो में
कभी आपके पास
यही विश्वास दिलाने आया हूं।।
विकास के नाम पर
पहले भी मूर्ख बनाया है।
अब फिर बनाने आया हूं।
भोली भाली जनता को
मैं फिर ठगने आया हूं।
लोकतंत्र के पर्व में
झूठ का रंग उड़ाने आया हूं
जातियों को लड़वाकर
धर्म का जहर घोल कर
मैं फतह करने आया हूं।।
वोटों के मौसम में
मैं वोट मांगने आया हूं।।

**विशेष आलेख**

# मां कहां मरती है



महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड

*डब्बू सोच रहा था। दुनिया में मां के अलावा कौन अपने बच्चों से इतना प्यार करता है? मां बीमार थीं, फिर भी उसके लिए व्रत रखा था। डब्बू के दिल में एक हूक सी उठी। उसका दिल भीगने लगा। आंखों के कोर से आंसू बहने लगे। डब्बू को इस दुनिया में सबसे प्यारी उसकी मां लगती थी। उसे जौ की रोटी और गुड़ की बहुत याद आ रही थी, जो मां उसके लिए हर खर जितिया पर बनाती थी। अब मां नहीं है। अब कौन बनाएगा उसके लिये जौ की रोटी और गुड़?*

आज खर जितिया पर्व था। हर साल की तरह आस-पास की महिलायें अपने बच्चों की खुशहाली और तरक्की के लिए जितिया पर्व कर रहीं थीं, लेकिन डब्बू की मां पिछले साल ही चल बसी थी। लंबी बीमारी के बाद! अंत तक यानि कि पिछले साल तक, मां ने बीमार रहते हुए भी डब्बू की सलामती के लिए खर जीतिया पर्व रखा था। डॉक्टर की तमाम तरह की बंदिशों और डांटने-फटकारने के बाद भी। तभी उनके हालात बिगड़ने लगे थे। डॉक्टरों ने दो महीने में उनको रिकवर कर लिया था, लेकिन आज मां नहीं थीं!

डब्बू सोच रहा था। दुनिया में मां के अलावा कौन अपने बच्चों से इतना प्यार करता है? मां बीमार थीं, फिर भी उसके लिए व्रत रखा था। डब्बू के दिल में एक हूक सी उठी। उसका दिल भीगने लगा। आंखों के कोर से आंसू बहने लगे। डब्बू को इस दुनिया में सबसे प्यारी उसकी मां लगती थी। उसे जौ की रोटी और गुड़ की बहुत याद आ रही थी, जो मां उसके लिए हर खर जितिया पर बनाती थी। अब मां नहीं है। अब कौन बनाएगा उसके लिये जौ की रोटी और गुड़?

बाबूजी, गूंथ दिया आपका जितिया। कैलाश चाचा की आवाज ने उसका ध्यान भंग किया। उन्होंने पूछा-

कितना हुआ, कैलाश चाचा?

तीस , रुपए बाबूजी।



उसने पचास रूपये कैलाश चाचा के हाथ पर धर दिया।

लाल डोरी में सोने का ये वही जितिया था, जो मां हर साल उसके गले में पहनाती थी। उसका दिल फिर से भीगने लगा था। उसने स्कूटर स्टार्ट कर दिया। कैलाश चाचा कहते रह गए। बेटा बाकी के पैसे तो लेते जाओ, लेकिन डब्बू बिना पैसे लिए ही चल पड़ा। उसे डर था कहीं कैलाश चाचा उसके चेहरे का भाव ना पढ़ ले। बैठक में आकर वह मोबाइल देखने लगा। मोबाइल पर मन नहीं लगा तो टीवी खोलकर न्यूज देखने लगा। थोड़ी देर बाद अन्नू कमरे में आई। दोनों बच्चों के साथ। विपुल और मोहित दोनों उसके ही बच्चे हैं। एक आठ साल का और दूसरा दस साल का।

सुबह ऑफिस जाते समय तुम्हें जितिया दिया था, गुंथवाने के लिए। लेकर आये हो, या नहीं?

हां लाया हूं। ये लो ..। उसने जेब में हाथ डालकर जितिया निकाला और अन्नू के हाथ पर धर दिया।

फिर अन्नू ने बारी-बारी से विपुल और मोहित को जितिया पहनने को दिया। सहसा उसे फिर से मां की याद आ गई। बचपन में मां, डब्बू और टुन्नी दीदी को बारी-बारी से ऐसे ही जितिया पहनाती थी।


अन्नू ने उसे और बच्चों को खाने की मेज पर बुलाया। हाथ धोकर डब्बू खाने की मेज पर पहुंचा। जहां बच्चे पहले से मौजूद थे। टेबल पर वही जौ की रोटी और गुड़ थाली में मौजूद था। अन्नू ने बच्चों के लिये और डब्बू के लिये जौ की रोटी और गुड़ बनाया था।

डब्बू को ये देखकर आश्चर्य हो रहा था। वही, पकवान और वही पर्व। मां आज नहीं थी। लेकिन, मां के रूप में अन्नू अपने बच्चों के लिए जितिया पर्व मना रही थी। सचमुच अन्नू के रूप में मां की भावनाएं उसके आस पास ही थीं। मां कहां मरती है। मां की केवल देह वहां नहीं थी, लेकिन मां की भावना और विचार अब अन्नू के रूप में मौजूद थे जो अपने बच्चों के लिये खुशहाली और लंबी आयु की कामना कर रहे थे।

**लघुकथा**

## पति, पत्नी और तीसरा पहिया

राजीव एक सुशील और सफल व्यापारी था। वह अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन बिता रहा था। उसकी पत्नी सुमन एक सुंदर और समझदार स्त्री थी, जो उसके साथ हर सुख-दुख में साथ थी। एक दिन राजीव को व्यापार में बड़ा मौका मिला, जो उसके जीवन बदल सकता था। राजीव ने सुमन को बताया 'सुमन, यह मौका हमारे लिए एक नई शुरुआत का हो सकता है। हालांकि, इसके लिए मुझे बहुत दिनों तक विदेश जाना होगा।' सुमन ने हंसते हुए कहा, 'राजीव, मैं जानती हूं कि तुम जो कदम उठाओगे, वह हमारे भविष्य के लिए ही होगा। तुम जाओ और अपना सपना पूरा करो, मैं हरदम तुम्हारे साथ हूं।' राजीव ने सुमन की मुस्कान देखकर उसे धन्यवाद दिया और अपनी यात्रा के लिए तैयार हो गया। विदेश जाकर वह दिन रात अपने काम में डूब गया और इधर, सुमन ने पूरी तरह से घर संभाल लिया। विदेश में राजीव को हर दिन नए व्यापारी दोस्त मिल रहे थे, जिनके साथ मिलकर वह अपने व्यापार को आगे ले बढ़ा रहा था। इस दौरान राजीव की मुलाकात रम्या से हुई। उसमें एक ऐसा खिंचाव था कि राजीव अपने आपको उसके सम्मोहन से नहीं बचा पाया। शादीशुदा होते हुए भी उसे रम्या अच्छी लगने लगी। रम्या के दिल में भी राजीव के प्रति सोफ्ट कॉर्नर बन गया था। दोनों की ये मुलाकातें बढ़नें लगी और राजीव के मन से सुमन की छवि धुलती गई। अचानक एक ऐसी घटना हुई कि राजीव का कारोबार बैठ गया। उसे जबरदस्त घाटा हो गया। वह सड़क पर आ गया। यह जब रम्या को पता चली तो उसने झट से राजीव से पल्ला झाड़ लिया। राजीव समझ गया था कि रम्या सिर्फ पैसों के लिए उसकी जिंदगी में आई थी। अब वह सुमन के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रहा था। बड़ी मुश्किल से हिम्मत करके उसने सुमन को फोन किया। उसकी बात सुनकर सुमन ने उसे हौसला दिया और कहा कि चिंता नहीं करे। वह अपने वतन आ जाए। उसने कुछ बचत कर रखी है, उससे यहां पर ही दोनों मिलकर कुछ अच्छा कर लेंगे। राजीव का अब रम्या से मोह भंग हो चुका था। उसे समझ में आ चुका था कि जीवन की गाड़ी पति और पत्नी रूपी दो पहियों से ही सही चलती है। उसमें अगर वो रूपी तीसरा पहिया जुड़ जाता है तो वह गाड़ी नहीं रहकर रिक्शा हो जाती है, जिसपर लोग सवारी तो करते हैं पर उसे घर नहीं लाते। वह अपने वतन आ गया और सुमन के साथ फिर से एक नई शुरुआत कर ली।



**(यह कहानी AI से जेनेरेट की गई है)**




**तेलंगाना चुनाव परिक्रमा:** बीआरएस प्रमुख ने दोनों राष्ट्रीय पार्टियों पर जमकर किए सियासी प्रहार

# बीआरएस को हराने के लिए भाजपा और कांग्रेस में है सांठगांठ: KCR

**एजेंसी** | चेरियल (तेलंगाना)।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस ने उनकी राजनीतिक गतिविधियों को सीमित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सांठगांठ की है कि बीआरएस का विस्तार महाराष्ट्र तक न हो।

राव ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य के लिए एक भी मेडिकल कॉलेज या नवोदय स्कूल को मंजूरी नहीं दी है। भारत राष्ट्र समिति के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की मतदाताओं से अपील करते हुए राव ने कहा कि विकास जारी रखने के लिए उनकी पार्टी को फिर से सत्ता में लाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री राव को केसीआर के रूप में भी जाना जाता है। भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राव ने कहा कि दोनों राष्ट्रीय पार्टी केसीआर से डरी हुई हैं। उन्हें लगता है कि यदि वह तेलंगाना में जीत गए, तो वह महाराष्ट्र आएंगे।

महाराष्ट्र में लगभग 150 पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर संबंधित क्षेत्रों का तेलंगाना में विलय करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ मजबूत उम्मीदवार नहीं उतारने की गुप्त सहमति है। अगर केसीआर की तेलंगाना में हार होती है तो वे सुरक्षित महसूस करेंगे। यही सब चल रहा है। मुख्यमंत्री केसीआर राव ने कहा कि उनकी पार्टी की सभाओं को महाराष्ट्र के लोगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।



### तेलंगाना को लेकर कांग्रेस पर बरसे चंद्रशेखर राव

राव ने आरोप लगाया, कांग्रेसशासन के दौरान तेलंगाना में स्थिति अराजक थी। उन्होंने इसकी कभी परवाह नहीं की। पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं थी। आत्महत्याएं हुईं। यह कांग्रेस पार्टी थी जिसने तेलंगाना को बर्बाद कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह उन्हीं की सरकार है जिसने सामाजिक पेंशन को बढ़ाकर 2,000 रुपए तक कर दिया है जो 2014 से पहले बहुत कम थी। राव ने कहा कि अगर बीआरएस सरकार फिर से सत्ता में आती है तो सामाजिक पेंशन और रायथु बंधु योजना (निवेश सहायता योजना) की राशि धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना एकमात्र राज्य है जो देश में सिंचाई जल कर नहीं लगाता है। यदि कांग्रेस जीतती है तो बिजली आपूर्ति मौजूदा 24 घंटे के बजाय केवल तीन घंटे तक ही रह जाएगी।

### धान उत्पादन में तेलंगाना ने पंजाब को पीछे छोड़ा

तेलंगाना की उपलब्धियों को गिनाते हुए राव ने दावा किया कि राज्य ने प्रति वर्ष तीन करोड़ टन धान उत्पादन के साथ पंजाब को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने लोगों से पिछले दस वर्षों के दौरान हुए राज्य के विकास की तुलना कांग्रेस के 50 वर्षों के शासन से करने को भी कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कांग्रेस पार्टी ही थी, जिसने यहां के लोगों की सहमति के बिना तेलंगाना और आंध्र प्रदेश का विलय कर दिया था, जिसके कारण 50 वर्षों तक परेशानी उठानी पड़ी।

---

### महिलाओं के वोट निर्णायक साबित होंगे: फडणवीस



**नागपुर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में महिलाओं के वोट निर्णायक साबित होंगे और उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया है। मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। फडणवीस ने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान राज्य में भाजपा की कई रैलियों को संबोधित किया था। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मध्य प्रदेश में 40 सीट पर करीबी मुकाबला होगा। ज्ञात रहे कि प्रदेश में 5,60,58,521 मतदाताओं में से 2,87,82,261 पुरुष और 2,71,99,586 महिलाएं हैं।

### 603 करोड़ से अधिक की नकदी व सोना आदि जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों ने विधानसभा चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद से राज्य में 603 करोड़ रुपए मूल्य से अधिक की नकदी, सोना, शराब, नशीले पदार्थ एवं मुफ्त उपहार जब्त किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने शनिवार को बताया कि 214 करोड़ रुपए की नकद राशि, कुल 179 करोड़ रुपए मूल्य का सोना एवं अन्य कीमती धातुएं, 96 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की शराब, 34 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ और 78 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की अन्य वस्तुएं/मुफ्त वस्तुएं जब्त की गईं। जिला कॉल सेंटर के माध्यम से 4,673 शिकायतें प्राप्त हुईं।

**तेलंगाना:** भाजपा का चुनाव घोषणा पत्र जारी

# कॉलेज छात्राओं को मुफ्त लैपटॉप देने, यूसीसी लागू करने का वादा

**एजेंसी** | हैदराबाद

भाजपा ने शनिवार को कहा कि अगर पार्टी 30 नवंबर के विधानसभा चुनाव में राज्य में सत्ता में आई तो तेलंगाना में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। इसके अलावा कॉलेज की छात्राओं को मुफ्त लैपटॉप दिए जाएंगे और लड़कियों के जन्म पर उनके नाम 2 लाख रुपए की सावधि जमा दी जाएगी, जिसे 21 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद भुनाया जा सकेगा। भाजपा ने शनिवार को यहां जारी चुनाव घोषणा पत्र में यह वादे किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र में विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों को समेकित और सुसंगत बनाने के उद्देश्य से समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए एक समिति के गठन का वादा किया गया है। शाह ने संवाददाताओं से कहा, राज्य में भाजपा सरकार बनने पर समिति छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता लागू करेगी। घोषणापत्र में धर्म-आधारित आरक्षण को असंवैधानिक बताया गया है और कहा कि समाप्त कर दिया जाएगा और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षण बढ़ाया जाएगा।

### धर्म आधारित आरक्षण समाप्त करने व ओबीसी, एससी व एसटी का कोटा बढ़ाने की घोषणा




### घोटालों की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित होगा आयोग

घोषणा-पत्र में कहा गया कि भाजपा, सत्ता संभालने पर, कालेस्वरम और धरणी घोटालों और मौजूदा बीआरएस सरकार द्वारा की गई अन्य वित्तीय अनियमितताओं सहित भ्रष्टाचार के सभी आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक जांच आयोग नियुक्त करेगी। इसके अलावा भाजपा शासित राज्यों के समान पेट्रोल और डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) को कम करने तथा उज्ज्वला लाभार्थियों को सालाना चार रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त में उपलब्ध कराने का वादा किया गया है।

### भूमि पोर्टल धरणी को बदलने का वादा

घोषणापत्र के अनुसार मौजूदा धरणी, जो बीआरएस सरकार द्वारा लाया गया एक एकीकृत भूमि प्रशासन पोर्टल है, को एक पुख्ता "मी भूमि" प्रणाली से बदल दिया जाएगा। धान पर 3,100 रुपए की पेशकश के अलावा, घोषणापत्र में छोटे और सीमांत किसानों को बीज और उर्वरक खरीदने में सक्षम बनाने के लिए 'इनपुट' सहायता के रूप में 2,500 रुपए प्रदान करने का वादा किया गया है।

### राम मंदिर की मुफ्त यात्रा सुनिश्चित करेगी भाजपा

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ऐलान किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी विधानसभा चुनावों में यदि सत्ता में आती है तो वह तेलंगाना के सभी लोगों के लिए अयोध्या में राम मंदिर की मुफ्त यात्रा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने गडवाल, नलगोंडा और वारंगल में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले 70 वर्षों के दौरान राम मंदिर के निर्माण में बाधा डाली और देरी की। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंदिर का भूमि पूजन किया था और प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को की जाएगी। शाह ने लोगों से तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की और कहा कि पार्टी नीत सरकार सभी लोगों को अयोध्या में भगवान राम के मुफ्त दर्शन कराने की व्यवस्था करेगी। राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसने मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया, जो असंवैधानिक है।

**तमिलनाडु विधानसभा**

# राज्यपाल के लौटाए सभी 10 विधेयक विस में हुए पुनः पारित

■ रवि ने 13 नवंबर को विभिन्न विभागों से संबंधित विधेयक लौटाए थे



**एजेंसी** | चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा ने हाल में राज्यपाल द्वारा लौटाए गए सभी 10 विधेयक शनिवार को पुनः पारित कर दिए। राज्यपाल रवि ने 13 नवंबर को कानून, कृषि और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित ये विधेयक लौटा दिए थे, जिसके मद्देनजर विधानसभा की आहूत की गई विशेष बैठक के दौरान सदन ने इन विधेयकों को पुनः पारित किया।

मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और भाजपा ने सदन से बहिर्गमन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने पूर्व में पारित और राज्यपाल रवि द्वारा लौटाए गए 10 विधेयकों को पुनर्विचार के लिए विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया। स्टालिन ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि रवि ने बिना कोई कारण बताए विधेयक लौटा दिए थे। सदन ने वर्ष 2020 और 2023 में दो-दो विधेयकों को मंजूरी दी थी, जबकि छह अन्य विधेयक पिछले साल पारित किए गए थे।

### विधेयकों को मंजूरी न देना जनविरोधी व अलोकतांत्रिक: सीएम स्टालिन

स्टालिन ने कहा कि सदन ने इस बात पर गौर किया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के प्रावधानों के तहत, यदि उपरोक्त विधेयकों को फिर से पारित किया जाता है और राज्यपाल की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाता है, तो वह अपनी सहमति को रोक नहीं सकते। मुख्यमंत्री ने रवि पर भी तीखा हमला बोला। स्टालिन ने कहा, उन्होंने अपनी मनमर्जी से विधेयक लौटा दिए... उन्हें मंजूरी न देना अलोकतांत्रिक और जनविरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्यपालों के माध्यम से गैर-भाजपा शासित राज्यों को निशाना बना रही है।

**मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव**

# दो दशक में 9 प्रतिशत बढ़ा मतदान

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में 76.22 प्रतिशत मतदान हुआ, जो राज्य के इतिहास में सबसे अधिक है। शुक्रवार को सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक ही चरण में मतदान हुआ।आंकड़े बताते हैं कि राज्य में पिछले कुछ चुनावों में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। 2008 में 69.78 प्रतिशत, 2013 में 72.13 प्रतिशत और 2018 में 75.63 प्रतिशत था। वर्ष 1956 में मध्य प्रदेश की स्थापना के बाद से प्रदेश के इतिहास में इस बार का मतदान प्रतिशत सबसे अधिक है। इस बार 2018 के विधानसभा चुनावों के 75.63 प्रतिशत से भी 0.59 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। पूर्वी एमपी के सिवनी जिले में सबसे अधिक 85.68 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि पश्चिमी क्षेत्र के आदिवासी बहुल अलीराजपुर में सबसे कम 60.10 प्रतिशत मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के साथ सीमा साझा करने वाले पश्चिमी क्षेत्र में बालाघाट जिले में 85.23 प्रतिशत के साथ दूसरा सबसे बड़ा मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया, जो दर्शाता है कि गोलियों पर मतपत्रों की जीत हुई।

**ऐसे बढ़ा मतदान**

- 2003 67.25 प्रतिशत
- 2008 69.78 प्रतिशत
- 2013 72.13 प्रतिशत
- 2018 75.63 प्रतिशत
- 2023 76.22 फीसदी

### छत्तीसगढ़: गत चुनाव से कुछ कम रहा मतदान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 76.31 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह 2018 के विधानसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत से कुछ कम है। 2018 के विधानसभा चुनाव में 76.88 मतदाताओं मतदाताओं ने मतदान किया था। पहले चरण के चुनाव में 78 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था, जबकि 70 सीट पर दूसरे चरण के चुनाव में 75.88 प्रतिशत वोट पड़े।

### मुलाकात और बधाई




**भोपाल।** कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने शनिवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की और उनको जन्मदिन की बधाई दी।

---

**तेलंगाना हॉट शीट: कोडंगल और कामारेड्डी**

# रेवंत रेड्डी के प्रचार के लिए अमेरिका से आया भाई, कड़ा है मुकाबला

■ परवान पर चढ़ रहा है चुनाव प्रचार, कड़ी मेहनत में जुटे हैं पार्टी प्रत्याशी

**एजेंसी** | कोडंगल

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरे राज्य में प्रचार में व्यस्त हैं। वहीं रेड्डी के चार भाई कोडंगल और कामारेड्डी विधानसभा सीटों से उनकी जीत के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इन दो सीटों से चुनाव लड़ रहे रेड्डी का मुख्य मुकाबला भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवारों से है। कामारेड्डी में रेड्डी का मुकाबला मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से है। कोडंगल राज्य के दक्षिणी हिस्से में स्थित है, जबकि कामारेड्डी तेलंगाना के उत्तरी हिस्से में स्थित है। कामारेड्डी में रेवंत रेड्डी का मुकाबला मुख्यमंत्री राव से, जबकि कोडंगल में उनका मुकाबला पटनम नरेंद्र रेड्डी से है। पटनम नरेंद्र रेड्डी कोडंगल से वर्तमान विधायक हैं।

दोनों क्षेत्रों में रेवंत रेड्डी के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बीआरएस से हैं। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के प्रमुख होने के नाते और कांग्रेस के राज्य में चुनाव जीतने की सूरत में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे माने जाने वाले रेड्डी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं और पूरे राज्य में चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। रेड्डी चूंकि पूरे राज्य में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, इसलिए उनके चार भाई - तिरुपति रेड्डी, जगदीश्वर रेड्डी, कोंडल रेड्डी और कृष्णा रेड्डी - उनका चुनाव प्रचार संभाल रहे हैं। चुनाव प्रचार के लिए अमेरिका से आए छोटे भाई जगदीश्वर कामारेड्डी में चुनाव प्रचार में सहयोग कर रहे हैं। कामारेड्डी में भी रेड्डी के एक अन्य भाई कोंडल भीचुनाव प्रचार का काम देख रहे हैं। रेवंत रेड्डी सात भाइयों में चौथे नंबर पर हैं। उनके दो बड़े भाइयों का निधन हो चुका है।

### रेवंत रेड्डी दो सीटों से हैं चुनाव मैदान में, एक में सीएम राव से होगी टक्कर



- कामारेड्डी में सीएम के. चंद्रशेखर राव से है मुकाबला
- कोडंगल में मौजूदा विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी हैं सामने

### क्यों अहम है यह मुकाबला



- रेवंत रेड्डी कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं शामिल
- रेवंत प्रदेशभर का कर रहे हैं दौरा। इसलिए उनके चुनाव प्रचार की कमान उनके चार भाइयों के पास

### टीडीपी से दो बार रह चुके हैं विधायक

कोडंगल से तेलुगु देशम पार्टी से दो बार के विधायक रह चुके रेवंत रेड्डी ने 2018 में कांग्रेस के टिकट से विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन वह बीआरएस उम्मीदवार पटनम नरेंद्र रेड्डी से हार गए थे। वह मल्काजगिरि से लोकसभा चुनाव जीते थे।

### कोडंगल: BRS-कांग्रेस के लिए राह नहीं आसान

तेलंगाना के कोडंगल विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की कमी और बेरोजगारी एक प्रमुख चुनावी मुद्दा है। विकाराबाद जिले में स्थित कोडंगल के वर्षा पर निर्भर क्षेत्रों के किसान बीआरएस के नौ वर्ष के शासनकाल के बाद भी भेदभाव महसूस करते हैं क्योंकि वे अपनी फसलों के लिए पूरी तरह से बोरवेल और प्रकृति पर निर्भर हैं। इस इलाके के लोग नौकरियों के नए अवसर सृजित नहीं करने के लिए सरकार से नाराज हैं। रोजगार के अवसर नहीं होने से युवा आसपास के शहरों में जाने के लिए मजबूर हुए हैं। बीआरएस को किसान समर्थक सरकार के रूप में जाना जाता है, लेकिन उसे इस विधानसभा क्षेत्र में किसानों के असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने इन दो मुद्दों पर अपने प्रचार अभियान के दौरान में काफी जोर दिया है। बीआरएस नेता पटनम नरेंद्र रेड्डी अपने प्रचार में किसानों को आश्वासन दे रहे हैं कि दोबारा चुने जाने पर वह क्षेत्र के लोगों के लिए पानी और नौकरियां सुनिश्चित करेंगे। उद्योग मंत्री के टी रामा राव ने इस निर्वाचन क्षेत्र के बेरोजगार शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए एक आईटी पार्क और उद्योग स्थापित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा,उद्योग विभाग को एक प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं कांग्रेस ने मतदाताओं को लुभाने के लिए छह गारंटी योजनाओं की घोषणा की है और कहा है कि वह सभी वादे पूरे करेगी।

## जरूरी खबर

### कॉलेजियम मामले में सुप्रीम कोर्ट कल करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को दो याचिकाओं पर सुनवाई करने वाला है, जिसमें से एक याचिका न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में केंद्र की ओर से देरी के आरोप से संबंधित है। न्यायाधीश संजय किशन कौल, न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और न्यायाधीश संदीप मेहता की पीठ सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

### जी 20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन होगा 22 को

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जी 20 नेताओं का एक आभासी शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें सितंबर में जी20 समूह के वार्षिक सम्मेलन में तय किए गए प्रमुख परिणामों और कार्रवाई बिंदुओं को जी20 डिजिटल शिखर सम्मेलन आगे बढ़ाएगा और इजराइल-हमास संघर्ष के प्रभाव पर भी चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत द्वारा आयोजित दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' शिखर सम्मेलन के दौरान हुए विचार-विमर्श भी जी20 शिखर सम्मेलन की चर्चाओं में शामिल किए जाएंगे।

### लोकसभा में 700 से अधिक निजी विधेयक लंबित



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विभिन्न सदस्यों से द्वारा पेश किए गए 700 से अधिक निजी विधेयक लंबित हैं। लंबित विधेयकों में से कई दंड प्रावधानों और चुनावी कानूनों में संशोधन से संबंधित हैं। इनमें से कई विधेयक जून, 2019 में पेश किए गए थे, जब संसदीय चुनावों के बाद वर्तमान लोकसभा का गठन किया गया था और कुछ को इस साल अगस्त में संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश किया गया था। निजी विधेयक वे होते हैं जो सांसदों द्वारा अपनी व्यक्तिगत क्षमता के तहत पेश किए जाते हैं। निचले सदन में 713 ऐसे विधेयक लंबित हैं। ये विधेयक समान नागरिक संहिता लाने, लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन, कृषि, मौजूदा आपराधिक तथा चुनावी कानूनों में संशोधन और संवैधानिक प्रावधानों में बदलाव जैसे मुद्दों से संबंधित हैं।

## चक दे इंडिया...इतिहास रचने के पल...तैयारी और पूर्वाभ्यास करते कलाकार





**6000 से अधिक सुरक्षाकर्मी होंगे तैनात**

*अहमदाबाद। दो बार की विजेता व मेजबान भारत और पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को विश्व कप फाइनल के दौरान अहमदाबाद शहर और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में छह हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की आवाजाही और कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। फोटो में स्टेडियम में जारी तैयारी और समापन समारोह के लिए पूर्वाभ्यास करते कलाकार।*

**उत्तरकाशी हादसा: टनल में फंसे लोगों के बढ़ रहे हैं इंतजार के पल**

# 26 घंटे बाद बचाव कार्य फिर हुए शुरू, विकल्पों पर विचार

**एजेंसी** | उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में चारधाम आलेवदर परियोजना की निर्माणाधीन सिलक्यारा-पोलगांव सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के बचाव अभियान दिनों-दिन चुनौतीपूर्ण बन रहा है। सुरंग में मलबे को भेदकर 'निकलने का रास्ता' बनाने के कार्य में जहां बाधा आने से बचाव कार्य 26 घंटे तक थमा रहा। बाद में शनिवार को पीएमओ के सचिव मंगेश घिल्डियाल और पीएम के पूर्व सलाहकार भाष्कर खुल्बे अपनी टीम के साथ उत्तरकाशी पहुंचे। इसके बाद पांच अलग-अलग मोर्चे से खोज व बचाव अभियान शुरू हुआ। जिसमें वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल बोरिंग शामिल है। सुरंग में कुल संख्या 41 बताई गई है।



### इंदौर से पहुंची एक और ऑगर मशीन

उत्तरकाशी जिला आपातकालीन नियंत्रण कक्ष के अनुसार इंदौर से एक और उच्च क्षमता वाली शक्तिशाली ऑगर मशीन मौके पर पहुंचाई गयी है। इस मशीन को देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर शुक्रवार रात को लाया गया जहां से इसे सिलक्यारा पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि सुरंग में 45 से 60 मीटर तक मलबा जमा है जिसमें ड्रिलिंग की जानी है ।



### परिजनों का दावा: कमजोर पड़ रही है सुरंग में फंसे श्रमिकों की आवाज

इस बीच सुरंग में फंसे श्रमिकों के परिजनों ने शनिवार को उनसे बात करने के बाद कहा कि उनकी आवाज क्षीण होती जा रही है और उनकी ताकत कम होती लग रही है । जैसे-जैसे समय बीतता जा रहा है, सुरंग के बाहर श्रमिकों का इंतजार कर रहे उनके परिजनों में निराशा बढ़ती जा रही है। सुरंग में फंसे श्रमिकों में से एक सुशील के बड़े भाई हरिद्वार शर्मा ने बताया कि बाहर आने के इंतजार में किसी तरह समय काट रहे सुरंग में बंद लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है और उनके परिवारों में घबराहट बढ़ती जा रही है।

**बढ़ेगी हमारी सैन्य ताकत**

## देश में ही बनेंगे हमारे लड़ाकू विमानों के इंजन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत में एलसीए मार्क 2 लड़ाकू विमान के इंजन जनरल इलेक्ट्रिक के साथ मिलकर बनाने का रास्ता साफ हो गया है।अमेरिका ने इसके लिए जरूरी मंजूरी मिल गई है। इससे देश में रक्षा क्षेत्र को जबर्दस्त मजबूती मिलेगी।

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के चेयरमैन डॉ. समीर वी कामत ने बताया कि 'एलसीए मार्क 2 के इंजन और स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की पहली दो स्कवाड्रन का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक के साथ मिलकर करेगी। अमेरिका ने इससे जुड़ी सभी मंजूरी दे दी हैं। उल्लेखनीय है कि 30 अगस्त को सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने एलसीए मार्क 2 लड़ाकू विमान के विकास को मंजूरी दी, जो भारतीय वायु सेना में मिराज 2000, जगुआर और मिग -29 लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जून में अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में कई अहम समझौते हुए थे।



### देश में 99 इंजन तैयार होंगे

जनरल इलेक्ट्रिक, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर एफ-414 जेट इंजन का निर्माण करेगी। दोनों कंपनियां मिलकर भारत में 99 इंजनों का निर्माण करेंगी और इसमें एक अरब डॉलर से कम की लागत आने की उम्मीद है। हाल को एलसीए एमके-2 को तैयार करने में तीन साल का समय लग सकता है।

**मालदीव: नए राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण के बाद दिखाए तेवर**

## मुइज्जू ने भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहा

**एजेंसी** | माले

मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के 24 घंटे से भी कम समय के बाद मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को भारत से उनके देश से भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने का औपचारिक अनुरोध किया। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुइज्जू ने कहा कि मालदीव के लोगों ने नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए उन्हें मजबूत जनादेश दिया है। भारत के केंद्रीय मंत्री किरेन



रिजिजू और मुइज्जू की मुलाकात के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति ने यह अनुरोध किया। भारत की 'पड़ोस प्रथम नीति' को रेखांकित करते हुए केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने शुक्रवार को मालदीव के नए राष्ट्रपति के तौर पर मोहम्मद मुइज्जू के शपथ ग्रहण समारोह में देश का प्रतिनिधित्व किया।

शुक्रवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद, मुइज्जू ने जोर देकर कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनका देश अपनी स्वतंत्रता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए किसी भी विदेशी सैन्य उपस्थिति से मुक्त रहे। उन्होंने अपने संबोधन में किसी देश का नाम नहीं लिया।

### महिला कैडेट का बैच पासिंग आउट परेड में लेगा हिस्सा

**पुणे।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की महिला कैडेट का पहला बैच इस साल अपने पुरुष समकक्षों के साथ पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेगा। एनडीए के 145वें पाठ्यक्रम की परेड की समीक्षा 30 नवंबर को सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा की जाएगी। पिछले साल एनडीए-खड़कवासला में 19 महिला कैडेट का पहला बैच शामिल हुआ था और फिलहाल वे सैन्य सह अकादमिक प्रशिक्षण के दूसरे वर्ष में हैं। दूसरे और तीसरे वर्ष के कैडेट 'पासिंग आउट' परेड में भाग लेंगे।

## छठ पर श्रद्धा का सैलाब



*नई दिल्ली। बिहार व उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों में मनाए जा रहे छठ पर्व के लिए घर जाने के लिए ट्रेन में सवार होने के लिए शनिवार को नई दिल्ली स्टेशन पर पहुंचे लोग और भीड़ का नियंत्रित करती पुलिस।*

**हलाल प्रमाण पत्र को लेकर कदम**

# उत्तर प्रदेश में हलाल प्रमाण-पत्र वाले खाद्य उत्पादों पर बैन, मामला दर्ज

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध रूप से 'हलाल प्रमाणपत्र' जारी करने के खिलाफ निर्णायक कदम उठाते हुए शनिवार को एक आदेश जारी कर हलाल प्रमाणीकरण वाले खाद्य उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इससे पहले धर्म विशेष के ग्राहकों को हलाल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर बिक्री बढ़ाने के लिए लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ कथित रूप से खिलवाड़ करने को लेकर एक कंपनी और कुछ अन्य संगठनों



के खिलाफ पुलिस ने यहां मामला दर्ज किया। लखनऊ के ऐशबाग में मोतीझील कॉलोनी के निवासी शैलेंद्र कुमार शर्मा की शिकायत पर शुक्रवार को हजरतगंज थाने में यह मामला दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि चेन्नई स्थित हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली स्थित जमीयत उलमा हिन्द हलाल ट्रस्ट, मुंबई स्थित हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया, मुंबई स्थित जमीयत उलमा महाराष्ट्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट ने आरोपों को किया खारिज

इस बीच, जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट ने आरोपों को निराधार बताया। उसने एक बयान में कहा कि वह इस तरह की गलत सूचना का मुकाबला करने के लिए आवश्यक कानूनी उपाय करेगा। हलाल ट्रस्ट के नियाज अहमद फारुखी ने शनिवार को एक बयान में कहा, ट्रस्ट में प्रमाणन प्रक्रिया भारत में निर्यात के उद्देश्यों और घरेलू वितरण दोनों के लिए निर्माताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप है। हलाल प्रमाणित उत्पादों की वैश्विक मांग मजबूत है और भारतीय कंपनियों के लिए ऐसा प्रमाणन प्राप्त करना अनिवार्य है, यह तथ्य हमारे वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी निर्दिष्ट है। जो लोग ऐसे उत्पादों का उपयोग नहीं करना चाहते, वे इनका उपयोग न करने के लिए स्वतंत्र हैं।

### हलाल काउंसिल आफ इंडिया के प्रमाण पत्र गैर कानूनी

इस बीच, भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि हलाल काउंसिल आफ इंडिया जो हलाल प्रमाण पत्र जारी कर रही है, वह पूरी तरह अवैधानिक है, गैर कानूनी है और इसके खिलाफ कई मुकदमे भी दर्ज हुए हैं। समानांतर व्यवस्था बनाकर जो लोग बड़ा रैकेट चला रहे थे, अब सरकार ने इस दिशा में कदम उठाया है और उनका पर्दाफाश होगा।

### आतंकी संगठनों को फंडिंग का आरोप

वहीं, शिकायतकर्ता ने कहा है कि जिन अन्य कंपनियों के पास हलाल प्रमाण पत्र नहीं हैं, उनके उत्पादों की बिक्री घटाने के प्रयास के तहत ऐसा किया जा रहा है जो अवैध है। आशंका है कि इस अवैध कमाई से आतंकवादी संगठनों एवं राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का वित्त पोषण किया जा रहा है। दिलचस्प है कि शाकाहारी उत्पादों जैसे तेल, साबुन, मंजन और शहद के लिए हलाल प्रमाण पत्र की कोई जरूरत नहीं है, लेकिऩ इन उत्पादों के लिए हलाल प्रमाण पत्र जारी कर समुदाय विशेष और इसके उत्पादों को निशाना बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मजहब की आड़ लेकर एक वर्ग विशेष में अनर्गल प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है कि ऐसे उत्पाद का प्रयोग न करें जिसे इनकी कंपनी द्वारा हलाल प्रमाणपत्र न दिया गया हो। इससे दूसरे समुदाय विशेष के व्यावसायिक हितों का नुकसान हो रहा है। इस प्रकार आम नागरिकों के लिए उपयोग होने वाली वस्तुओं पर भी हलाल प्रमाण पत्र जारी कर अनुचित आर्थिक लाभ कमाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

**धरती धोरां री:** पिछवाई कला की बारीकियां और मांडणा रचने की रीति समझाई

# जीवंत हुआ राजपूताना, राजस्थान की महान नारियों की गूंजी गाथा

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर के मंच पर राजस्थान की पारंपरिक पिछवाई कला की बारीकियां सामने आईं और मांडणा कला के विशेषज्ञ ने इन कलाओं के इतिहास और इनके रचने की रीति समझाई। इंफोसिस फाउंडेशन और भारतीय विद्या भवन के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय 'धरती धोरां री' महोत्सव में महाराणा प्रताप सभागार में तपन भट्ट के नाटक राजपूताना का मंचन भी किया गया। इससे पहले स्टूडेंट्स को पिछवाई कला के हरीश चंद्र स्वर्णकार और मांडणा कला के विशेषज्ञ राकेश कुमार व्यास ने इतिहास और रचने की रीत बताई। समारोह का उद्घाटन जस्टिस पाना चंद जैन और राजस्थान यूनिवर्सिटी के ड्रामा डिपार्टमेंट की हेड डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने किया। संयोजक राजेन्द्र पायल ने बताया कि रविवार शाम 6:15 बजे से गायिका परवीन मिर्जा मांड गायन, रूपदास तेराहताली और गोरख नाथ सपेरा कच्छी घोड़ी नृत्य प्रस्तुत करेंगे।



### नाटक का कथानक

रसों के राजा रसराज के पास 5 स्वर जो पंच तत्वों के प्रतीक है रस की तलाश में आते हैं। रसराज उन्हें राजस्थान की भूमि पर भेजते हैं और कहते हैं कि राजपुताना कि नारी अपने आप में रसों का भण्डार है उसमें करुणा है, प्रेम है, वीरता है। वो अद्भुत है, किन्तु जब वो यहां आते हैं तो उन्हें यहां डरी सहमी नारी मिलती है, जो समाज द्वारा शोषित है। वो नारी को उसका अतीत याद दिलाते हैं। नारी शोषण करने वालों को चेतावनी देती है कि क्या नारी का अस्तित्व चिंगारी बनकर ही जिंदा रहेगा?

### नारी नवरस का भंडार

वर्कशॉप के बाद शाम को खेले गए नाटक 'राजपूताना' में राजस्थान की 4 महान नारियों मीरा, हाड़ी रानी, पन्ना धाय और रानी पद्मिनी की गाथा दर्शाई गई। गौरतलब है हिंदी और राजस्थानी भाषा में लिखी गई तपन भट्ट की चर्चित नाट्य कृति का मंचन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के भारत रंग महोत्सव सहित अनेक फेस्टिवल्स में हो चुका है। नाटक राजपूताना में विभिन्न घटनाक्रमों से बताया गया कि नारी नवरस का भंडार है उसे चिंगारी बनने पर मजबूर मत करो। राजस्थान युगों-युगों से वीरों की भूमि रहा है। राजस्थान की भूमि ने हमेशा वीरों और वीरांनाओं को जन्म दिया है। राजस्थान की नारी या यूं कहें कि राजपूताना की नारी हमेशा गरिमामयी और गर्वीली रही है। वो नवरसों का भण्डार है, किन्तु आजादी के इतने वर्षों बाद भी नारी और उसकी अस्मिता को वो स्थान नहीं दे पाए हैं, जो-जो उसे मिलना चाहिए।



### इन कलाकारों ने किया अभिनय

नाटक में विशाल भट्ट, अभिषेक झांकल, संवाद भट्ट, रिमझिम भट्ट, अन्नपूर्णा शर्मा, झिलमिल भट्ट, शाहरुख खान, कमलेश चंदानी, रोशन चौधरी, साहिब मेहंदीरत, दीपक जांगिड़, अनुज और स्वयं तपन भट्ट ने अभिनय किया।

## 'युअर स्टोन-युअर स्टोरी'JJS एग्जीबिटर्स मीट का आयोजन




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के लिए एक्जिबिटर्स मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ज्वैलर्स उपस्थित रहे और शो को लेकर उत्साहित दिखे। इस वर्ष जेजेएस की थीम 'एमराल्ड... युअर स्टोन युअर स्टोरी' रखी गई है। शो का 11वां संस्करण 22 से 25 दिसंबर तक होगा। इसके लिए हुई मीट में 300 से अधिक एग्जीबिटर्स ने भाग लिया। जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन ने शो की रूपरेखा बताई। उन्होंने ट्रान्सपोर्टेशन, ज्वेलरी का ट्रांसिट, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला। अब तक ये शो हैदराबाद और बेंगलुरु में आयोजित हो चुके हैं। जेजेएस वाईस चेयरमैन दिनेश खटोरिया ने कहा कि पिंक क्लब जेजेएस की एक शुरुआत बिजनेस टू बिजनेस के रुझान को देखते हुए की गई है।

## जेकेके में कला, संस्कृति और रंगमंच का रंग 10 दिसंबर से

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थानियों को कला, संस्कृति और रंगमंच के रंग में एक बार फिर रंगा जाएगा, क्योंकि जयपुर थिएटर फेस्टिवल (जयरंगम) कला प्रेमियों के सामने होगा। थ्री एम डॉट बैंड्स थिएटर फैमिली सोसायटी की ओर से 10 से 16 दिसंबर को 12वें जयरंगम का आयोजन जवाहर कला केन्द्र में होगा। इस बार जयरंगम हबीब तनवीर को समर्पित रहेगा। फेस्टिवल में 15 से अधिक नाटकों का मंचन होगा और थिएटर वर्कशॉप, स्टोरी टेलिंग, महफिल व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों से कला प्रेमी रूबरू होंगे।

## सामूहिक विवाह में दो विदेशियों सहित 24 जोड़ों का विवाह



**बेधड़क. जयपुर।** निर्मला देवी ट्रस्ट की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन में 24 जोड़ों का विवाह हुआ। इनमें 2 विदेशी जोड़े भी शामिल थे। राष्ट्रीय सहजयोग की वाइस चेयरमैन सोनाली भट्टाचार्य ने बताया, कि सहजयोगी पंडितों ने सहजयोगी विधि-विधान से वैदिक रीति-रिवाज से बिना धर्म, जात-पांत, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, भेदभाव के पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराए। राष्ट्रीय सहजयोग पूर्व ट्रस्टी व संयोजक श्रीचन्द चौधरी ने बताया कि राजस्थान में नवीं बार सर्व-धर्म, सर्व समाज का विवाह समारोह संपन्न किया गया, जिसमें वर-वधुओं व उनके परिजन सहजयोगी साधकों को चैतन्यित हल्दी का वितरण किया गया।

# City इवेंट्स

## छोटे बच्चों ने स्वर और साज से रचा साधना का अनूठा संसार




**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में शनिवार को आयोजित क्रीआर हेरिटेज शो में भारतीय संस्कृति को बचाए रखने की ज़िम्मेदारी के तहत नन्हे बच्चों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्रतिभागी बच्चों के साथ क्रीआर फाउंडेशन के संस्थापक कुलदीप धाब, जवाहर कला केंद्र की एडिशनल डायरेक्टर जनरल प्रियंका जोधावत, सेलिब्रिटी गेस्ट शनाया शर्मा, बाल लेखक अनय सक्सेना, 11 वर्षीय वीणा वादक तुरुप्त मंच पर मौजूद रहे। फाउंडेशन के संस्थापक कुलदीप ने बताया कि क्रीआर फाउंडेशन की ओर से आयोजित संगीत संध्या में करीब 150 बच्चों ने शास्त्रीय संगीत के साथ कथक नृत्य, विभिन्न राग काफ़ी, ठुमरी, भूपाली, मालकौंस राग, मल्हार जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को चमत्कृत कर दिया। छोटे बच्चों की ओर से स्वर साधना व साज साधना का अनूठा संसार रच दिया गया। बांसुरी वादक, तबला वादक, हारमोनियम वादक, रुद्र वीणा वादक शो में मौजूद थे।

## बोहरा ने भजनों से जमाया रंग



**बेधड़क. जयपुर।** कलाकारों ने दादू वाणी के गीत और भजन प्रस्तुत कर माहौल को दादूमय बनाया। मौका था नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में गायक दिलीप बोहरा की प्रस्तुति का, जिसमें दादू वाणी के गीत और भजन खास रहे। गायक दिलीप बोहरा ने दादू पक्ति के दादू दयालजी के परम 52 शिष्यों की ओर से रचित दादू वाणी के गीत और भजन प्रस्तुत किए। शुरुआत जयपुर स्थापना दिवस पर गजानंद की रचना गणराज गजानंद रणक भंवर वाला से की। इसके बाद दादू दयाल के भक्तसुंदर दास का लिखा गीत है कोई पीवे राम रस प्यासा गगन मंडल में अमृत बरसे..., प्रस्तुत किया।

## टैलेंट हंट कॉम्पटिशन में दिखाया टैलेंट

**बेधड़क. जयपुर।** मेगा चिल्ड्रेंस कार्निवाल में आयोजित टैलेंट हंट कॉम्पिटिशन में बच्चों ने टैलेंट दर्शाया तो बड़े भी रोमांचित नजर आए। कॉम्पटिशन में दो कैटिगरी 0-4 साल व 5-14 साल के बच्चों ने भाग लिया। टैलेंट हंट में राजवीर मोटवानी जूनियर कैटेगरी में फर्स्ट रहे, जिन्होंने रैप सुनाया व राजीव खानचंदानी के सीनियर कैटेगरी में फर्स्ट आए, जिन्होंने बीट बॉक्सिंग की।






**बच्चों ने तस्वीरों में देखा जयपुर का इतिहास**

## स्थापना दिवस पर स्कूली बच्चों ने केक काटकर मनाया जश्न



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर स्थापना दिवस पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल में जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है, जिसमें जयपुर की जर्नी देखी जा रही है। स्कूली बच्चों द्वारा हवामहल की डिजाइन का केक काटकर खुशियां मनाई।

स्कूली बच्चों के साथ जीएम दीपेंद्र राणा, सत्येंद्र सिंह, बबलू हेमराना आदि ने केक काटा। गौरतलब है कि एग्जीबिशन का आयोजन 20 नवंबर तक होगा। कार्यक्रम की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि प्रदर्शनी से जयपुर के पुराने और नए रूप को नए तरीके से प्रदर्शित किया जा रहा है। यह पर्यटन को बढ़ावा देने का भी प्रयास है। स्थापना दिवस पर जयपुर के कल्चर को सभी तक पहुंचाना और दिखाना जरूरी है। एग्जीबिशन में सभी के लिए एंट्री निःशुल्क है। 70 पार्टिसिपेंट्स भाग ले रहे हैं, जिसमें वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, प्रोफेशनल फोटोग्राफर और राजस्थान के प्रशासनिक अधिकारियों की खींची गई फोटो को प्रदर्शित किया जा रहा है। यही कारण है कि ब्यूरोक्रेट्स भी फोटो को निहारने आ रहे हैं। इन फोटोज में जयपुर के हर रंग को दर्शाया गया है, जिसमें प्राचीन जयपुर की झलक दिखती है तो साथ ही साथ मॉडर्न और मेट्रो सिटी बनता हुआ गुलाबी नगर भी खास पहचान रखता है। रोमांचित हो उठे बच्चों ने एक-एक फोटो की जानकारी फोटोग्राफर से ली।

**कार्ड ब्लांज में 41 पोट्रेट से मानवता का संदेश**

## छोटी उम्र से ही रंगों संग खेलते पेंटिंग बनी जीवन का पैशन


फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

कार्ड ब्लांज पोट्रेट जैसी थीम्स पर बनी कलाकृतियां जयपुर में दिखाई दीं तो आर्ट लवर्स ने एक-एक कलाकृति की बारीकी जानी। कलाकार ने भी यंगेस्टर्स को आर्ट वर्क समझाया।

ये थे जवाहल कला केंद्र में आर्टिस्ट ने आंतरिक शांति व सकारात्मक सोच की अहमियत और ताकत को कैनवास पर प्रदर्शित कर पेंटिंग्स प्रदर्शित करने वाले कलाकार। आर्टिस्ट काजल की ओर से आयोजित आर्ट एग्जीबिशन कार्ड ब्लांज का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि मिनिएचर आर्टिस्ट पद्मश्री शाकिर अली और समाजसेवी सुधीर माथुर ने किया।

इस दौरान जयपुर में पहली सोलो एग्जीबिशन में 41 आर्टवर्क्स डिस्प्ले किए गए हैं। कलाकार काजल ने कलेक्शन के बारे में बताया कि छोटी उम्र से रंगों के साथ खेलते-खेलते पेंटिंग जीवन का पैशन बन गई। जीवन में ऐसे कई उतार-चढ़ावों की उदासी से बचने के लिए पेंटिंग-ड्राइंग को पूरा जीवन दे दिया। उन्होंने बताया, कि चेहरों पर शैडो के साथ एक्सपेरिमेंट किया गया है, जिसमें नेचर से इंस्पायर्ड रंगों के साथ हर आर्टवर्क में मैसेज देने की कोशिश की गई है। साथ ही जिंदगी में पॉजिटिव कॉन्सेप्ट्स को समझने का प्रयास है। दूसरी ओर पेंटिंग्स में निचेरीन के साथ मानवता के विभिन्न रंगों को दर्शाया गया है।

**डीबीएल** 44 टीमों के 300 से ज्यादा प्लेयर्स ले रहे हैं हिस्सा

## 'धरती के भगवानों' ने बैडमिंटन कोर्ट में लगाए स्मैश

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी में 44 टीमों के 300 से अधिक प्लेयर्स दमखम दिखाएंगे यहां शुरू हुई निविक डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग में। लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नवीन महाजन ने किया।

लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि सुबोध महिला महाविद्यालय के संयोजक विनय चंद डागा व निविक न्यूरो व ट्रामा हॉस्पिटल




निदेशक डॉ. सोनदेव बंसल रहे। डागा ने इस तरह के आयोजन की आवश्यकता बताई तो डॉ. बंसल ने चिकित्सकीय कार्य के साथ खेलों कि उपयोगिता पर विचार रखे।

### कड़े मुकाबलों में दिखाया उत्साह

शुरुआत में डॉ. अनिल यादव व लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यह 10 दिवसीय प्रतियोगिता जयपुर व जयपुर के बाहर की 44 टीम व 300 से अधिक खिलाड़ियों के बीच है। लीग आयोजन सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि उदघाटन सत्र में हुए मुकाबले में बॉयज वर्ग में केडिया होट शॉट्स ने खंडेलवाल हार्ट इंस्टिट्यूट को 3-2 से और पैथोस्कोप ने शर्मा डायगनऑस्टिक को 4-1 से हराया। किड्स वर्ग में रामाया हॉस्पिटल ने होप हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। शैलबी हॉस्पिटल ने जीवन रेखा हॉस्पिटल को 3-2 से हराया तो श्रीहॉस्पिटल ने सुवीरा हॉस्पिटल को 3-2 से हराया, कदम टेक ने फॉर किड्स डेंटल को 3-2 से हराया, टीम कैंसर क्योर ने सोनी न्यूरो साइंसेज को 4-1 से पराजित किया।

### उद्घाटन समारोह में ये रहे मौजूद

उद्घाटन समारोह में डॉ. रश्मि कांकरिया, डॉ. गौरव दलेला, प्रेम चौधरी, डॉ. सत्यपाल, डॉ. सुधांशु, डॉ. विकास, डॉ. नफीस, डॉ. हर्षुल, डॉ. अजीत जैन, डॉ. रवींन्द्र गोठवाल, डॉ. देवेंद्र शर्मा व अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।



ज़िंदगी तो हर कोई जी लेता है, बात तो तब है जब आपका जीवन किसी के लिए उदाहरण बने।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इजराइली ड्रोन ने दक्षिणी लेबनान के शहर नबातियेह के बाहरी इलाके को बनाया निशाना

# एल्युमीनियम संयंत्र पर दागी दो मिसाइलें



**एजेंसी** | बेरूत

इजराइल के एक ड्रोन ने शनिवार तड़के दक्षिणी लेबनान के शहर नबातियेह के बाहरी इलाके में एक एल्युमीनियम संयंत्र पर दो मिसाइलें दागीं। इससे आग लग गई और व्यापक क्षति हुई। हमले में किसी के हताहत होने के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। 2006 में इजराइल और लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के बीच 34 दिनों के युद्ध के बाद सीमा से दूर तॉल गांव के पास हुआ इजराइली हमला इस क्षेत्र पर होने वाला पहला ऐसा हमला है।

कुछ पत्रकारों ने घटनास्थल पर जाने का प्रयास किया, लेकिन हिज्बुल्ला के सदस्यों ने उन्हें रोक दिया। संयंत्र पर हमले को लेकर इजराइली सेना ने कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह कहा गया कि इजराइली सेना वर्तमान में हिज्बुल्ला के ठिकानों पर हमले कर रही है। इससे पहले, हिजबुल्ला ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने लेबनान के ऊपर उड़ रहे इजराइली 'एल्बिट हर्मीस 450 ड्रोन' की ओर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी। शुक्रवार को हिजबुल्ला ने कहा था कि उसके लड़ाकों ने सीमा पर इजराइली चौकियों पर कई हमले किए हैं।



### 3 चरमपंथियों सहित 5 फिलिस्तीनियों की मौत

**यरूशलम।** वेस्ट बैंक में इजराइली सेना की कार्रवाई में तीन चरमपंथियों सहित पांच फिलिस्तीनी मारे गए। इजराइली सैन्य ट्रक और बुलडोजर जेनिन शरणार्थी शिविर में घुस गए और कई इमारतों के ऊपर स्नाइपर तैनात कर दिए गए। कई स्थानों पर गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने कहा कि इजराइल के एक विमान ने उन चरमपंथियों को निशाना बनाया, जिन्होंने इजराइली सुरक्षा बलों की ओर विस्फोटक फेंके थे। इसमें तीन व्यक्ति मारे गए। आतंकवादी समूह ने उन्हें अपना सदस्य बताया है।

## 28.4 अरब अमेरिकी डॉलर को घटाकर किया 25 अरब

# IMF ने पाक के विदेशी लोन को किया कम


**एजेंसी** | इस्लामाबाद

आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान की विदेशी ऋण आवश्यकताओं को घटाकर 25 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया है।

बहुपक्षीय एजेंसी ने नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत देते हुए इसमें 3.4 अरब अमेरिकी डॉलर की कटौती की है। रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता ने सरकार के आर्थिक पूर्वानुमानों को खारिज करते हुए आर्थिक वृद्धि अनुमान को घटाकर केवल दो प्रतिशत कर दिया।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रतिनिधिमंडल ने 15 नवंबर को पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ दो सप्ताह की लंबी बातचीत पूरी की। इसके बाद एक कर्मचारी-स्तरीय समझौते की घोषणा हुई, जिसके तहत पहले से सहमत तीन अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण की दूसरी किश्त के रूप में 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर जारी किए जाएंगे।

रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल जुलाई की तुलना में, आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष के लिए विदेशी ऋण आवश्यकताओं को 28.4 अरब अमेरिकी डॉलर से घटाकर 25 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया है। सरकार पहले ही चार महीनों में छह अरब अमेरिकी डॉलर उधार ले चुकी है।



### बिना दस्तावेज वाले 10 लाख अफगानी लोग जाएंगे वापस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से करीब 13 लाख अफगानी लोग अपने मूल देश लौट सकते हैं। दरअसल पाकिस्तान ने देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों को निकालने के लिए एक अभियान शुरू किया है, जिसके कुछ सप्ताह बाद संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने यह चेतावनी दी। उधर, पाकिस्तान का कहना है कि शरणार्थी के रूप में पंजीकृत 14 लाख अफगानी लोगों को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनका दर्जा दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। सर्दियों की शुरुआत और अंतरराष्ट्रीय व देश के मानवाधिकार समूहों द्वारा इस अभियान की व्यापक आलोचना के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने यह चेतावनी जारी की। पाकिस्तान में बिना दस्तावेजों के रह रहे प्रवासियों को देश छोड़ने या फिर गिरफ्तारी का सामना करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने एक नवंबर से घर-घर जाकर प्रवासियों के दस्तावेजों की जांच करने की प्रक्रिया शुरू की।

### पाकिस्तान और रूस ने की आतंकवाद के खतरों पर चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और रूस ने आतंकवाद के खतरों और विभिन्न वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और सुरक्षा की अन्य चुनौतियों से निपटने पर रूस-पाकिस्तान संयुक्त कार्य समूह की 10वीं बैठक में आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर चर्चा की। दोनों देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए निरंतर सतर्कता बरतने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के खतरों और विभिन्न वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें अफगानिस्तान, मध्य तथा दक्षिण एशिया और उत्तरी अफ्रीका की स्थितियों पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में कट्टरपंथ का मुकाबला करने, आतंकवादी मंसूबों के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को रोकने, आतंकवादी एवं चरमपंथी विचारधारा के प्रसार और वित्तपोषण पर अंकुश लगाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

## मोल्दोवा की यात्रा पर गए थे एलेक्जेंडर वान, तभी वहां हुआ हादसा

# ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति को कुत्ते ने काटा

**एजेंसी** | बर्लिन

मोल्दोवा की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वान डेर बेलेन को उस समय अजीबोगरीब स्थिति का सामना करना पड़ा, जब मोल्दोवा की राष्ट्रपति मेई संदू के पालतू कुत्ते ने उनके (बेलेन) हाथ में काट लिया। मोल्दोवा की मीडिया में



प्रसारित वीडियो में देखा जा सकता है कि राजधानी चिशिनाउ की यात्रा के दौरान बेलेन राष्ट्रपति संदू के साथ खड़े हैं और उनका पालतू कुत्ता कोडरुट भी पास ही खड़ा है। जैसे ही बेलेन कोडरुट को सहलाने के लिए उसकी तरफ झुकते हैं, वह बेलेन के हाथ में काट लेता है।

बेलेन के कार्यालय ने जर्मनी की समाचार एजेंसी डीपीए को बताया कि जख्म मामूली है और तत्काल बेलेन को आवश्यक उपचार दिया गया। इसने कहा कि ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति पूरी तरह स्वस्थ हैं। ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर इस घटना के बारे में पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि जो कोई भी मुझे जानता है वह जानता है कि मैं कुत्तों से प्रेम करता हूं और उसके उत्साह को समझ सकता हूं।




## स्टारशिप में आई तकनीकी खराबी

# मस्क का ताकतवर रॉकेट फिर फेल

**एजेंसी** | वाशिंगटन

दुनिया के सबसे ताकतवर स्टारशिप व्हीकल का दूसरा टेस्ट भी शनिवार को फेल हो गया। इसे भारतीय समय अनुसार शाम लगभग 6:30 बजे लॉन्च किया गया था। यह मिशन 1:30 घंटे का था। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। लगभग 400 फुट ऊंचा 'स्टारशिप' दुनिया का सबसे बड़ा और शक्तिशाली रॉकेट है। मस्क का इरादा लोगों को चंद्रमा और मंगल ग्रह पर ले जाने के लिए उनके रॉकेट बेड़े का उपयोग करने का है।

लॉन्चिंग के करीब 2.5 मिनट बाद सुपर हैवी बूस्टर और स्टारशिप का सेपरेशन हुआ। बूस्टर को पृथ्वी पर लैंड करना था, लेकिन वो बीच में ही फट गया।



### 20 अप्रैल को भी किया था टेस्ट

इससे पहले 20 अप्रैल को स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट किया गया था। जहां इस टेस्ट में बूस्टर 7 और शिप 24 को लॉन्च किया गया था। वहीं उड़ान भरने के 4 मिनट बाद ही मेक्सिको की खाड़ी के पास 30 किलोमीटर ऊपर स्टारशिप में विस्फोट हो गया था। इसके असफल होने के बाद भी एलन मस्क और स्पेसएक्स हेडक्वार्टर में वहां के कर्मचारी खुशी मना रहे थे क्योंकि रॉकेट का लॉन्चपैड से उड़ान भरना ही बड़ी सफलता मानी जा रही थी।

### अमेरिका ने की मस्क की आलोचना

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका ने यहूदी विरोधी भावना और नस्लवादी घृणा को बढ़ावा देने वाली टिप्पणी का समर्थन करने के लिए उद्योगपति एलन मस्क की आलोचना की है, जबकि एप्पल जैसी कई शीर्ष अमेरिकी कंपनियों ने उनके सोशल मीडिया मंच 'एक्स' से विज्ञापन हटा दिए हैं। मस्क (52) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट का समर्थन किया था, जिसमें दावा किया गया था यहूदी लोग श्वेत लोगों के खिलाफ नफरत फैला रहे है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।